तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,शनिवार 09 अगस्त 2025 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष -41 ■ अंक-133 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 10 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

संक्षेप

टास्क पूरा करने का झांसा देकर 88 हजार की ठगी

रायपुर, 9 अगस्त। टास्क पूरा करने पर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर युवक से 88 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर राखी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धृति मित्रा 37 वर्ष सेक्टर 29 नवा रायपुर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने टेलीग्राम के माध्यम से प्रार्थी से संपर्क कर टास्क पूरा करने का झांसा देकर 88 हजार रुपए ऐंठ लिए। प्रार्थी की शिकायत पर राखी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

विजय शर्मा ने की माँ दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना

दंतेवाड़ा, 9 अगस्त। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज अपने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी जी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर विधायक श्री चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्री भीम सिंह, कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज श्री सुंदरराज पी.,डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव रॉय, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

अबू सलेम जेल से होगा रिहा?

मुंबई,9 अगस्त। गैंगस्टर अबू सलेम, जिसे 2005 में पुर्तगाल से भारत प्रत्यर्पित किया गया था, जेल से समय से पहले रिहाई की कोशिश कर रहा है। लेकिन राज्य सरकार ने इस हफ़्ते बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया कि पुर्तगाल से प्रत्यर्पण की शर्तों के अनुसार उसे 25 साल की सज़ा काटनी होगी - यानी उसे 2030 से पहले रिहा नहीं किया जा सकता। भारत ने पुर्तगाल को आश्वासन दिया था कि अगर सलेम अपने ख़िलाफ़ लंबित मामलों में दोषी पाया जाता है, तो उसे मृत्युदंड या 25 साल से ज़्यादा की जेल की सज़ा नहीं दी जाएगी। 2015 और 2017 में सलेम को क्रमशः बिल्डर प्रदीप जैन की हत्या और 1993 के बॉम्बे बम धमाकों के लिए आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई गई थी।

महान नासा अंतरिक्ष यात्री जिम लवेल का निधन

वाशिंगटन। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के कई अंतरिक्ष मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिम लवेल का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। श्री लवेल 1970 में चंद्रमा पर उतरने के अपने प्रयास को तकनीकी कारण छोड़ने के लिए मजबूर हुए थे। उनकी मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुए हैं। अंतरिक्ष यात्री लवेल के परिवार ने गोपनीयता का अनुरोध किया लेकिन एक बयान में कहा, हमें अपने प्रिय पिता यूएसएन कैप्टन जेम्स ए. 'जिम' लवेल, के निधन की घोषणा करते हुए दुख हो रहा है। वह एक नौसेना पायलट और अधिकारी, अंतरिक्ष यात्री, नेता और अंतरिक्ष अन्वेषक रहे थे।

ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने मार गिराए थे 5 पाकिस्तानी फाइटर जेट: एयर चीफ मार्शल

नई दिल्ली,9 अगस्त। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को तगड़ी पटखनी देने वाली भारतीय एयरफोर्स चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने नया खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट्स को मार गिराया था, जबकि एक बड़े विमान को भी हिट किया था। रूस से खरीदे गए भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम S400 की तारीफ करते हुए उसे गेम चेंजर बताया। बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में चीफ ने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान हमने पाकिस्तान को काफी नुकसान पहुंचाया है। एयर चीफ ने कहा, "हमने पांच पाकिस्तानी विमानों को तो पक्का मार गिराया है। इसमें या तो एक ELINT एयरक्रॉफ्ट था या फिर AEW&C एयरक्रॉफ्ट था। इसे हमने 300 किलोमीटर की रेंज पर जाकर मारा, जो कि जमीन से हवा में मार करने वाली

मिसाइल के लिए सबसे बड़ा रिकॉर्ड है।" वायुसेना प्रमुख की तरफ से दिया गया यह बयान किसी उच्च अधिकारी की तरफ से पहला ऐसा बयान है, जिसमें पाकिस्तान के जेट्स को मार गिराने की बात कही गई है। चीफ ने हाल ही में रूस से खरीदे गए S400 की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, "हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने बहुत बेहतर काम किया। हमने हाल ही में रूस से S400 खरीदा था वह हमारे लिए गेम चेंजर रहा। उसकी रेंज इतनी थी कि पाकिस्तान का कोई भी एयरक्रॉफ्ट या उनके लंबी दूरी के गाइडेड बम हमें कोई नुकसान हीं पहुंचा सके और न ही हमारे आस पास आ सके क्योंकि हमारा एयर डिफेंस इतना तगड़ा था कि वह उसे भेद ही नहीं पाए।"

सीएम साय के निर्देश पर कोनी-मोपका बायपास के पुनर्निर्माण के लिए 59.55 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर,9 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

लगभग 14 किलोमीटर लंबी सड़क की स्थिति सालों से अत्यंत दयनीय थी. एनटीपीसी सीपत, स्पंज आयरन फैक्ट्रियों, कोलवाशरी और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों के साथ-साथ घने शहरी यातायात का भारी दबाव झेलने वाले कोनी-मोपका बायपास के पुनर्निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 59 करोड़ 55 लाख 27 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है. यह स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट प्रावधान के अंतर्गत दी गई है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा इस परियोजना को बजट में प्राथमिकता दी गई. मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि अधोसंरचना विकास, विशेष रूप से सड़कों की मजबूती और गुणवत्ता, राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है. जनसुविधा से जुड़े ऐसे कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी. उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के उपरांत विभाग ने मंत्रालय स्तर से वित्तीय स्वीकृति संबंधी परिपत्र प्रमुख अभियंता को जारी कर दिया है. साथ ही निर्माण कार्य को

समय-सीमा के भीतर और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं. साव ने कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, कार्य प्रक्रिया की पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संपूर्ण परियोजना की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर निर्माण कार्य में त्रुटि पाए जाने पर जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाए. इस बायपास के पुनर्निर्माण से न केवल औद्योगिक क्षेत्रों की आवाजाही सुगम होगी, बल्कि शहरवासियों को भी भारी यातायात से राहत मिलेगी. राज्य शासन का यह निर्णय आमजन की बहुप्रतीक्षित माँग के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और उत्तरदायित्वबोध को दर्शाता है. लोक निर्माण विभाग द्वारा शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी.

ट्रम्प ने आर्मेनिया-अजरबैजान की 37 साल पुरानी जंग खत्म कराई

नई दिल्ली,9 अगस्त। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव और आर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल ने शुक्रवार को ट्रम्प की मौजूदगी में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों में विवादित इलाके के लिए एक ट्रांजिट कॉरिडोर बनाने पर सहमति बनी है। इस कॉरिडोर को ट्रम्प रूट फॉर इंटरनेशनल पीस एंड प्रॉस्पेरिटी नाम दिया जाएगा। यह कॉरिडोर अजरबैजान को उसके नखचिवान एंक्लेव इलाके से जोड़ेगा, जो आर्मेनिया से होकर गुजरेगा। दोनों नेताओं ने ट्रम्प और उनकी टीम को इसका श्रेय दिया और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए।

रायपुर सेंट्रल जेल में भाइयों संग बहनों ने मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

रायपुर,9 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षो उल्लास के साथ मनाया जा रहा है. सेंट्रल जेल रायपुर में बड़ी संख्या में महिलाएं अपने भाइयों को राखी बांधने पहुंची है. महिलाओं की लंबी कतार सेंट्रल जेल में लगी है. जेल प्रशासन ने रक्षाबंधन पर सुरक्षा के कड़े इतंजाम किए हैं. प्रवेश से पहले राखी बांधने पहुंची महिलाओं को पहले पंजीयन कराया होगा, फिर चेकिंग की जाएगी. जेल प्रवेश करने के बाद दोबारा चेकिंग होगी. महिलाओं को नियमानुसार जेल में प्रवेश करने के लिए

केवल 100 ग्राम मिठाई और राखी लेकर प्रवेश करने दिया जाएगा.

बहनों ने जेल में भाईयों को बांधी राखी-कई महिलाएं पहली बार सेंट्रल जेल में भाइयों को राखी बांधने आई है. वहीं कई ऐसी भी महिलाएं पहुंची जो सालों से अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने रही है. पहली बार आई महिलाओं ने व्यवस्था को लेकर कहा कि पहली बार जेल में भाई को राखी बांधने आने पर खराब अनुभव है. लंबी कतारे लगानी पड़ी. इस दौरान पानी की व्यवस्था भी नहीं की गई है. जेल में राखी बांधने पहुंचे कुछ बहनों ने कहा कि पिछले सुबह 7 से लाइन लगाकर खड़े हैं. लेकिन अभी तक मिलने नहीं दिया गया, बहुत लंबी लाइन है. तेज धूप के कारण भी परेशानी हो रही है. वहीं कुछ महिलाओं ने जेल प्रशासन की ओर से इस बार की गई व्यवस्था को काफी अच्छा बताया है. बताया कि आधार कार्ड दिखाकर अंदर मिलने दिया जा रहा है. जेल अधीक्षक योगेश कुमार छतरी ने कहा कि सुबह 8 बजे से जेल परिसर के अंदर एंट्री दी गई है. एंट्री से पहले सुरक्षा के मद्देनजर तैनाक महिला पुलिसकर्मी कड़ी जांच कर रही है. ताकी कोई भी बिना काम का सामान अंदर ना ले जा सके. दोपहर 3:30 बजे तक का समय तय किया गया है.

जम्मू-कश्मीरः कुलगाम एनकाउंटर में 2 जवान शहीद

श्रीनगर,9 अगस्त। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के अखाल इलाके में बीते 9 दिनों से आतंकियों के साथ मुठभेड़ जारी है। इस एनकाउंटर में रातभर चली गोलीबारी में दो भारतीय जवान शहीद हो गए हैं। वहीं, दो जवानों के घायल होने की भी खबर है। सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी को भी मार गिराया है। यह ऑपरेशन अखाल के जंगल वाले इलाके में पिछले शुक्रवार से जारी है। इसमें भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप शामिल हैं। यह एनकाउंटर एक अगस्त को शुरू हुआ जब सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने जंगल में चार-पांच आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर एक संयुक्त अभियान शुरू किया। शुरुआती मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभियान जारी है। पिछले सप्ताह सुरक्षा बलों ने संदिग्ध आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन तैनात किया है जबकि सेना के हेलीकॉप्टर अभियान पर नज़र रखने के लिए आसमान में मंडरा रहे हैं।

10 अगस्त से दौड़ेगी भारत की सबसे लंबी दूरी की वंदे भारत ट्रेन

नागपुर,9 अगस्त। महाराष्ट्र को भारत की सबसे लंबी दूरी की वंदे भारत ट्रेन मिलने वाली है, जो नागपुर के अजनी और पुणे के बीच चलेगी। इसके अलावा, यह राज्य की 12वीं वंदे भारत ट्रेन होगी। इस नई सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को करेंगे। इस ट्रेन का संचालन और रखरखाव मध्य रेलवे (सीआर) ज़ोन द्वारा किया जाएगा। यह वंदे भारत ट्रेन 881 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जिससे यह भारत में सबसे लंबे समय तक चलने वाली ट्रेन बन जाएगी। इसके 10 स्टॉपेज होंगे और इसकी औसत गति 73 किमी प्रति घंटा होगी, जिससे यह नागपुर और पुणे के बीच सबसे तेज़ ट्रेन भी बन जाएगी। पुणे-अजनी-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस, जिसे ट्रेन संख्या 26101/26102 नाम दिया गया है, 11 अगस्त से पुणे स्टेशन से और 12 अगस्त से अजनी स्टेशन से अपनी नियमित सेवा शुरू करेगी। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी। यह ट्रेन एक बड़ा बदलाव साबित होगी क्योंकि यात्री राज्य के एक कोने से दूसरे कोने तक आसानी से यात्रा कर सकेंगे।

सरेंडर महिला नक्सली हो या महिला जवान, सरकार हर कदम पर साथ : उपमुख्यमंत्री शर्मा

दंतेवाड़ा,9 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज दंतेवाड़ा में आत्मसमर्पित महिला नक्सलियों और दंतेश्वरी फाइटर्स की कमांडो के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया. गृहमंत्री विजय शर्मा को राखी बंधवाकर उनकी रक्षा का वचन दिया. सर्किट हाउस में कार्यक्रम आयोजित किया गया था. इस मौके पर मंत्री केदार कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष, कमिश्नर, आईजी और कलेक्टर दंतेवाड़ा मौजूद रहे. सर्किट हाउस में डिप्टी सीएम के साथ मंत्री केदार कश्यप भी मौजूद रहे. जहां गृह मंत्री विजय शर्मा को राखी बांधने के लिए महिला कमांडो काफी उत्साहित दिखी. दंतेश्वरी फाइटर्स की जवान सुंदरी कोर्राम ने बताया कि डिप्टी सीएम के साथ रक्षाबंधन मनाने को लेकर बहुत अच्छा लग रहा है. सुंदरी कोर्राम ने आग्रह किया कि नक्सल मोर्चे पर तैनात डीआरजी जवानों की महिला बहनों को भी गृह मंत्री विजय शर्मा को राखी बांधने का मौका मिलना चाहिए. इससे उनका भी उत्साह वर्धन होगा. सर्किट हाइस में डिप्टी सीएम शर्मा ने सरेंडर नक्सली महिलाओं से बात की. उन्हें पूरी तरह से सुरक्षा मुहैया कराने का आश्वासन दिया. साथ ही ये भी कहा कि नक्सलवाद खत्म करने उनका और उनके क्षेत्र का विकास होगा. इसके बाद उन्होंने सरेंडर महिला नक्सलियों से राखी बंधवाई. इसके बाद विजय

शर्मा दंतेश्वरी फाइटर्स की महिला जवानों से राखी बंधवाने पहुंचे. उन्होंने महिला जवानों का हौसला बढ़ाया और जंगल में विपरीत परिस्थितियों में भी नक्सलियों से लोहा लेने के लिए उनका आभार जताया.

उपमुख्यमंत्री ने महिला कमांडोज का बढ़ाया हौसला-उपमुख्यमंत्री ने महिला कमांडो का हौसला बढ़ाते हुए कहा, "छत्तीसगढ़ की महिला जवान कंधे से कंधा मिलाकर सुरक्षा में योगदान दे रही हैं, जो अपने आप में इतिहास है. राज्य सरकार विकास, विश्वास और सुरक्षा की तर्ज पर कार्य कर रही है और 2026 तक पूरे छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त करने का लक्ष्य पूरा होता दिख रहा है." सरेंडर महिला नक्सलियों और दंतेश्वरी फाइटर्स जवानों से राखी बंधवाने के बाद उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से बात की. उन्होंने कहा "नक्सलवाद के मार्ग को छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने वाली बहनों से राखी बंधवाई. मंत्री केदार कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष, कमिश्नर, आईजी और कलेक्टर दंतेवाड़ा ने राखी बंधवाई.

सार बातें

नगरीय प्रशासन विभाग ने नालंदा परिसरों के लिए मंजूर किए हैं 237.58 करोड़

युवाओं के सपनों को लगेंगे पंख, बनेंगे 34 नए नालंदा परिसर

रायपुर 9 अगस्त

छत्तीसगढ़ सरकार उच्च शिक्षा हासिल कर रहे तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के सपनों को पर देने 34 नए नालंदा परिसर बना रही है। ये नालंदा परिसर केवल रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, रायगढ़ जैसे बड़े शहरों में ही नहीं बन रहे, बल्कि दूरस्थ वनांचलों के सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सूरजपुर, बैकुंठपुर, चिरमिरी, कुनकुरी, जशपुर, बलरामपुर, पेंड्रा जैसे शहरों में भी बन रहे हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने पिछले दो वर्षों में 33 नए नालंदा परिसरों के लिए राशि स्वीकृत की है। वहीं रायगढ़ में सीएसआर से 700 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी का काम प्रगति पर है। इसके लिए रायगढ़ नगर निगम और एनटीपीसी (National Thermal Power Corporation) के बीच 42 करोड़ 56 लाख रुपए का करार हुआ है। यह प्रदेश का सबसे बड़ा नालंदा परिसर होगा। इन सेंट्रल लाइब्रेरीज-सह-रीडिंग जोन्स से प्रदेशभर के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अच्छा माहौल मिलेगा। उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अच्छी पुस्तकें भी मिलेंगी। प्रदेश के हर वर्ग के युवाओं के करियर निर्माण में ये लाइब्रेरीज काफी मददगार और अहम साबित होंगे। इन सर्वसुविधायुक्त, अत्याधुनिक लाइब्रेरीज में युवाओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन पढ़ाई की सुविधा मिलेगी। नगरीय प्रशासन विभाग ने पिछले दो वर्षों में 33 नालंदा परिसरों के लिए 237 करोड़ 57 लाख 95 हजार रुपए मंजूर किए हैं। विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 17 नगरीय निकायों में 18 नालंदा परिसरों के लिए 125 करोड़ 88 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वहीं पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में अलग-अलग शहरों में 15 नालंदा परिसरों के लिए 111 करोड़ 70 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। इनमें से 11 नालंदा परिसरों के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर संबंधित निर्माण एजेंसीज को कार्यादेश भी जारी किए जा चुके हैं। ये जल्द ही आकार लेना शुरू कर देंगे।

नगरीय प्रशासन विभाग ने 11 नालंदा परिसरों के लिए जारी किए 19.15 करोड़-उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने 11 नगरीय निकायों में नालंदा परिसरों के निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में कुल 19 करोड़ 14 लाख 87 हजार रुपए इसी महीने जारी किए हैं। विभाग द्वारा दुर्ग, राजनांदगांव और अंबिकापुर नगर निगम को प्रत्येक को दो करोड़ 85 लाख 57 हजार रुपए की प्रथम किस्त जारी की गई है। वहीं बलौदाबाजार, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, कांकेर और जांजगीर नगर पालिका तथा कुनकुरी नगर पंचायत को प्रत्येक को एक करोड़ दस लाख 37 हजार रुपए प्रथम किस्त के रूप में जारी किए गए हैं। नालंदा परिसर के निर्माण के लिए जशपुर नगर पालिका को दो करोड़ 85 लाख 57 हजार रुपए की पहली किस्त जारी की गई है।

दस शहरों में 500 सीटर और 22 में 250 सीटर लाइब्रेरी बनेंगी-राज्य के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा के अनुकूल माहौल देने के लिए दस नगरीय निकायों में 500 सीटर और 22 शहरों में 250 सीटर लाइब्रेरी बनाए जाएंगे। दुर्ग, राजनांदगांव, अंबिकापुर, जगदलपुर, बिलासपुर और भिलाई नगर निगम तथा जशपुर, लोरमी एवं गरियाबंद नगर पालिका में 500-500 सीटर नालंदा परिसरों का निर्माण किया जाएगा। वहीं धमतरी और चिरमिरी नगर निगम, कवर्धा, जांजगीर-नैला, बालोद, बलौदाबाजार, बेमेतरा, कांकेर, नारायणपुर, बलरामपुर, मुंगेली, खैरागढ़, सक्ती, पेंड्रा, सारंगढ़, सूरजपुर, बैकुंठपुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा नगर पालिका तथा कुनकुरी, बसना और अंबागढ़-चौकी नगर पंचायत में 250-250 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-रीडिंग जोन बनाए जाएंगे।

रक्षाबंधन पर भाइयों को राखी बांध बहनों ने उनके लिए मांगा अक्षय सुख का वर

भिलाई, 9 अगस्त। भाई-बहन के स्नेह एवं प्यार के प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया जा रहा है। क्या बच्चे और क्या बुजुर्ग, जिसे देखो वही रक्षाबंधन के स्नेह की डोर में बंधा दिखाई दे रहा है। भाइयों की कलाई पर अक्षय सुख की राखी बांधने को लेकर बहनों में अपूर्व उल्लास का वातावरण है। रक्षाबंधन के अवसर पर भाइयों में भी उत्साह का माहौल है। बहनों को उपहार देने के लिए पहले ही तैयारियां हो चुकी हैं। इस दिन राखी बंधवाकर भाई अपनी बहनों की रक्षा करने का वचन देते हैं। रक्षाबंधन को लेकर ट्रेन और बसों के साथ यातायात के अन्य साधनों में भरी भीड़ देखी जा रही है। पेट्रोल पम्पों पर भी क़तर देखी गयी है। रक्षाबंधन को और सुखद एवं यादगार बनाने के लिए अनेक घरों में विशेष व्यवस्था की गयी है। कवि एवं अभिनेता गजराज दास महंत एवं छालीवुड के जानी मानी अभिनेत्री उर्वशी साहू अभिनीत रक्षाबंधन स्पेशल लघु छत्तीसगढ़ी फिल्म बहिनी के राखी खूब देखी जा रही है। राजनीतिक गलियारे में भी इस पर्व की धूम है। नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर एवं भिलाई जिला भाजपा उपाध्यक्ष की नातिन मायरा बंछोर ने अपने भैय्या अनंत चंद्राकर को राखी बांधते हुए आशीर्वाद लिया। रेखराम को उनकी बहिन ने राखी बाँधी। सीमा सुरक्षा बल रिसाली में अत्यंत भावनात्मक एवं सौहार्दपूर्ण दृश्य देखने को मिला, जब विभिन्न महिला संगठनों की बहनों ने बी.एस.एफ. के वीर जवानों को राखी बांधकर न केवल भाई-बहन के रिश्ते को निभाया, बल्कि उनके साहस, समर्पण और राष्ट्र सेवा को नमन भी किया। इस आयोजन में, सुश्री नीता चौरसिया, अध्यक्ष शिव शक्ति महिला समिति, के उपस्थिति में सैल्यूट तिरंगा फाउंडेशन, इस्पात नगर महिला मंडल, महिला उत्थान मंडल, राष्ट्र सेविका समिति और जीविका एस.एच.जी. ग्रुप की बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन, श्रीमती रजनी बघेल, धर्मपत्नी सांसद विजय बघेल की विशेष सहभागिता में संपन्न हुआ।

एक नजर

जुआ खेल रहे आठ जुआरी गिरफ्तार

भिलाई, 9 अगस्त। भिलाई मकान में जुआ खेल रहे आठ जुआरियों को पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार किया है पुरानी भिलाई टीआई अंम्बेर सिंह भारद्वाज ने बताया कि सिरसाभाठा अरविंद गोस्वामी के खेत बाडी में बने मकान के भीतर जुआ खेलते क्वार्टर नंबर 6/ए खुर्सीपार निवासी अरविंद गोस्वामी ,पंचशील नगर चरौदा नरेश, 23/06 नेहरू नगर ईस्ट सन्नी सिंह, बीएमवाय चरौदा मोह. युनुस ऊर्फ कल्लु, नंदिनी रोड विवेकानंद कालोनी छावनी तपन चंद्र डे, कोहका कालोनी हाउसिंग बोर्ड राजेश कुमार, खुर्सीपार वार्ड 48 मनोज गोस्वामी, चरौदा फरीद अहमद को गिरफ्तार किया गया जुआरियों से पुलिस ने 1.5 लाख रुपए, ताश पत्ती, दो कार, दो बाइक जब्त किया गया भिलाई तीन पुलिस को जुआ खेलने की जानकारी मुखबिर ने दिया था पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 5 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

अश्लील वीडियो और फोटो बनाकर 5 लाख रुपए मांगने वाली महिला गिरफ्तार

भिलाई, 9 अगस्त। पुरानी भिलाई पुलिस ने अश्लील वीडियो और फोटो बनाकर 5 लाख रुपए की अवैध मांग करने वाली महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया आरोपी रजनी यादव ने सिक्योरिटी गार्ड को नशीली चीज खिलाकर बेहोश किया और उसके साथ अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रही थी पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफधारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की मामले में प्रयुक्त मोबाइल फोन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है पुरानी भिलाई टीआई अंम्बेर सिंह भारद्वाज ने बताया कि युवक एक निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड था कंपनी द्वारा दिए गए मकान में रहता था उसी कॉलोनी में तलाकशुदा महिला आरोपी रजनी यादव (35 साल) भी रहती थी वह युवक के घर आना-जाना करती थी वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख मांगे महिला आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी और 5 लाख रुपए की मांग की युवक डर के कारण नौकरी और मकान छोड़कर अपने गांव निधानी चला गया आरोपी महिला लगातार उसे कॉल कर धमकी देती रही परेशान होकर युवक ने अपने पिता की जमीन गिरवी रखकर 3 लाख रुपए की व्यवस्था की और रजनी यादव को दे दिया, लेकिन वह 5 लाख पर अड़ी रही तब परेशान होकर युवक ने पुलिस में शिकायत की ।

मारपीट कर छात्र को घायल किया

भिलाई, 9 अगस्त। भिलाई मोहन नगर थाना अंतर्गत शंकर नगर में स्थित डीएवी मॉडल स्कूल में छात्रों के बीच लड़ई हो गई। जिसमें 10 वीं कक्षा के तीन छात्रों ने मिलकर 11 वीं कक्षा के छात्र की जमकर पिटाई कर दी लहुलुहान घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आईसीयू में उपचार चल रहा है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि अरमान खान डीएवी मॉडल स्कूल में 11 वीं कक्षा का छात्र है लंच के दौरान वाशरूम की ओर जा रहा था। सीढ़ी के पास पहुंचा उसी समय कक्षा 10 वी का एक छात्र अपने साथियों के साथ पीछे से पहुंचकर उसका कालर पकड़ लिया उसे जमीन पर गिरा दिया अश्लील गाली गलौज करते हुए हाथ और पैर से मारपीट की लोहे का कड़ा आंख और कान के पास लगा उसके साथ पढ़ने वाली छात्रा ने बीच बचाव कर उन्हें हटाया इस मारपीट में वह गंभीर रुप से घायल हो गया पहले गग्रहेत्री अस्पताल में भर्ती कराया गया स्थित बिगड़ने लगी तो उसे श्रीशंकराचार्य मेडिकाल कॉलेज आस्पताल में भर्ती कराया है जहां गहन कक्ष में उपचार किया जा रहा है मामले में आरोपी छात्रों के खिलाफ धारा 296, 115(2),351(3), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

पं दीनदयाल मिनी स्टेडियम खेल परिसर की 62 दुकानों की होगी नीलामी

भिलाई, 9 अगस्त। नगर पालिक निगम शिवाजी नगर जोन 04 अंतर्गत वार्ड क्रं. 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर स्थित पंडित दीनदयाल मिनी स्टेडियम खेल परिसर में निर्मित दुकानों का नीलामी किया जा रहा है। परिसर में भूतल पर निर्मित 34 एवं प्रथम तल पर निर्मित 28, कुल 62 दुकानों का आवंटन राईट ऑफ ऑक्यूपेशन हक पर देने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से तीन लिफाफा पद्धति से बंद लिफाफे में 13 अगस्त कार्यालयीन समय तक ऑफर आमंत्रित किया गया है। लिफाफा स्पीड पोस्ट-रजिस्टर डाक के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। लिफाफा सीधे कार्यालय में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

दुकान नीलामी की विस्तृत जानकारी नगर निगम भिलाई के वेबसाईट से 13 अगस्त तक देखे एवं डाउनलोड की जा सकती है। दुकानो का प्रकार भूतल ए टाईप 18 दुकान क्षेत्रफल 52.15 वर्ग मीटर प्रीमियम मूल्य प्रति दुकान 23,40,283.00 लाख रूपये। भूतल बी टाईप 6 दुकान क्षेत्रफल 28.70 वर्ग मीटर प्रीमियम मूल्य प्रति दुकान 12,87,941.00 लाख रूपये। भूतल सी टाईप 8 दुकान क्षेत्रफल 9.60 वर्ग मीटर प्रीमियम मूल्य प्रति दुकान 4,30,809.00 लाख रूपये। भूतल ए-1 टाइप 2 दुकान क्षेत्रफल 41.65 वर्ग मीटर प्रीमियम मूल्य दुकान 10,19,857.00 लाख रूपये। प्रथम तल सी टाईप 4 दुकान क्षेत्रफल 11.20 वर्ग मीटर प्रीमियम मूल्य प्रति दुकान 4,54,171.00 लाख रुपये रखा गया है।

छत्तीसगढ़ सिख पंचायत की बैठक में लिए अनेक सामाजिक निर्णय

भिलाई, 9 अगस्त। छत्तीसगढ़ सिख पंचायत सदस्यों एवं सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों की गुरुद्वारा बाबा दीप सिंघ शहीद सुपेला में सिख पंचायत अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। सिख पंचायत सचिव गुरनाम सिंह ने बताया कि प्रमुख मुद्दा पाठी सिंघो की पाठ की भेंट को लेकर था। जिसमें गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं सिख पंचायत द्वारा सर्व सहमति से 4800 रु में 1200 रु बढ़कर 6000 रु कर दिए गए एवं दूसरा मुद्दा अगर सिख लड़की दूसरे धर्म मे शादी करती है तो गुरुद्वारे में लावा फेरे की मान्यता न दी जाए। तीसरा मुद्दा गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा सेक्टर 6 कमेटी एवं गुरुनानक स्कूल के कार्य को लेकर लगातार विवाद करने वालों पर कार्रवाई एवं एक्शन लिया जाए। सभी गुरुद्वारों में मेंबरशिप खोली जाए और मेंबर बनाये जाए अगली बार गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सहमति एवं निर्वाचन मेंबरशिप के मेंबरों के आधार पर ही की जाएगी। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 साल शताब्दी समारोह को लेकर एक बड़ा गुरमत समागम करने की सहमति बनी। बैठक में सिख यूथ फोरम भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू एवं कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह के साथ-साथ बैठक में सिख पंचायत के वाइस चेयरमैन गुरमीत सिंह गांधी, पलविंदर सिंह रंधावा, हरभजन सिंह चहल, गुरमीत सिंह चहल, इंद्रपाल सिंह सैनी, अरविंदर सिंह खुराना, सिकंदर सिंह, जसवीर सिंह सैनी,हरपाल सिंह,,बलदेव सिंह, बीबी कुलवंत कौर, सतवंत सिंह, अवतार सिंह, इंद्रजीत सिंह चावला, हरपाल सिंह हैप्पी, इंद्रपाल सिंह सैनी, सरबजीत सिंह सैनी, हरविंदर सिंह केबो, रणजीत सिंह नाहर, कुलदीप सिंह, सुच्चा सिंह दाना, गुरदेव सिंह, स्वर्ण सिंह कोक, बलजिंदर सिंह कलेर, बलविंदर सिंह, सुच्चा सिंह, पुष्प सिंह,सेवा सिंह, अमरजीत सिंह, रणजीत सिंह, जसवंत सिंह, सौदागर सिंह, सुखविंदर सिंह, हरमिंदर सिंह, हीरा सिंह, बलकार सिंह, कुलदीप सिंह, सुखविंदर सिंह दर्दी, गुरनाम सिंह एवं समस्त सिख समाज के वरिष्ठ लोग उपस्थित थे।

उत्साह से चलाया जा रहा हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान

भिलाई, 9 अगस्त। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम भिलाई अनुसार इस अभियान की शुरूआत की गई है। जोन 03 मदर टेरेसा नगर वार्ड क्रं. 33 संतोषी पारा एवं जोन 04 शिवाजी नगर वार्ड क्रं. 42 गौतम नगर स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों द्वारा रंगोली बनाकर लोगों में जन जागरूकता लाने हर घर तिरंगा लगाने एवं घरो में स्वच्छता बनाये रखने प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान अलग-अलग खेल का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया जा रहा है। जोन 1 अंतर्गत हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता के अंतर्गत एस एल आर एम सेंटर की दीदियों द्वारा कबाड़ से जुगाड तहत उपयोगी वस्तुएं बनाया गया, दीदियों द्वारा खेल कार्यक्रम जैसे, खोखो, फुगड़ी,कबड्डी, कुर्सी दौड़ आदि किए गए एवं रंगोली हर घर तिरंगा की थीम पर बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्षद शैलजा राजू, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव, अतुल यादव, पीआईयू युक्ति देवांगन सहित सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

पाइप लाइन, सीसी रोड, नाली-पुलिया निर्माण के लिए 4.93 करोड़ स्वीकृत

भिलाई, 9 अगस्त। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रयास से भिलाई निगम अंतर्गत अनेक वार्डों में कुल 4 करोड़ 93 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। विधायक रिकेश सेन ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करते हुए इस स्वीकृति से अनेक वार्डों में पाइप लाईन विस्तार, सीसी रोड, नाली व पुलिया निर्माण सहित अन्य विकास कार्य होंगे। विधायक सेन ने बताया कि वार्ड-12 आर्य नगर क्षेत्रांतर्गत शिव विहार एवं छग कालोनी में सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड-14 शांति नगर कृपाल नगर सड़क-2 एवं 3 में नाली निर्माण, वार्ड-3 मॉडल टाउन एवं विनोबा नगर में सीसी रोड निर्माण, वार्ड-8 संजय नगर कुम्हार पारा के विभिन्न स्थानों में सीसी रोड, महात्मा ज्योतिबा फुले चौक से कालीबाड़ी चौक तक मार्ग एवं पुलिया चौड़ीकरण कार्य, वार्ड-15 अम्बेडकर नगर सड़क-3 सीमेंटीकरण रोड, वार्ड-3 मॉडल टाउन, कृष्णा मंदिर से कुलदीप बाबूलाल सिंह घर तक तथा शिवाजी चौक से सुर्या अपार्टमेंट तक पेवर ब्लॉक, जोन-1 नेहरू नगर, जोन-2 वैशाली नगर, जोन-3 मदर टेरेसा नगर सहित अन्य जोन क्षेत्र अंतर्गत नालियों से गुजरने वाली पाइप लाइन को डीआई पाइप लाईन से इनकेसिंग करने का कार्य, वार्ड-12 आनंदपुर फेस 2 कॉलोनी में डीआई पाइप लाईन बिछाने का कार्य, वार्ड-22 प्रगति नगर ढाँचा भवन के आस पास आंतरिक गलियों में नई डीआई पाइप लाईन विस्तारीकरण का कार्य, वार्ड-1 खम्हरिया जुनवानी श्री रेसीडेंसी कॉलोनी में पेयजल सुविधा प्रदान करने हेतु संपवेल एवं आंतरिक जलवाहिनी बिछाने का कार्य होगा।

19वां भुइयाँ सम्मान समारोह 15 अगस्त को

भिलाई, 9 अगस्त। युवा कूर्मि मित्र मंडल द्वारा भुइयां सम्मान का आयोजन स्वतंत्रता दिवस के दिन किया जा रहा है। अध्यक्ष अजय चंद्राकर ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि 15 अगस्त शुक्रवार को शाम 5 बजे से कुर्मी भवन, सेक्टर-7 में आयोजित इस समारोह में छत्तीसगढ़ के गौरवशाली लोक कलाकारों का सम्मान किया जाएगा। प्रातः ध्वजारोहण के बाद कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

एसडीएम ने की स्कूल की गतिविधियों एवं अभिभावक सहभागिता की सराहना

महासमुंद, 9 अगस्त । विकासखण्ड बागबाहरा अंतर्गत गुरूवार को शासकीय उच्च प्राथमिक शाला खुसरूपाली (नवाडीह) में आयोजित पालक-शिक्षक मेगा बैठक में एसडीएम बागबाहरा श्री उमेश कुमार साहू शामिल हुए। बैठक में उपस्थित अभिभावकों की बड़ी संख्या, विशेषकर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखकर एसडीएम श्री साहू ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की और इसे बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अभिभावकों की बढ़ती सहभागिता बच्चों की शिक्षा और अनुशासन सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।बैठक के दौरान एसडीएम श्री साहू ने प्रत्येक अभिभावक से व्यक्तिगत संवाद स्थापित किया और बच्चों की पढ़ाई, नियमित उपस्थिति, घर पर अध्ययन के माहौल और अभिभावकीय सहयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने, होमवर्क की निगरानी करने और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया।

फल मंडी के हनुमान मंदिर से मुकुट एवं दान पेटी से रुपये चोरी

भिलाई, 9 अगस्त। शिवसेना (यूबीटी) के भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि केम्प 2 वार्ड नं 36 फल मंडी शुक्रवार की रात हनुमान मंदिर प्रांगण में लगे ग्रिल गेट का ताला तोड़कर चांदी के मुकुट हनुमान जी का श्रृंगार व दान पेटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोर रुपये चोरी कर ले गये। मंदिर के पुजारी शिवमूरत त्रिपाठी ने कहा कि सुबह साढ़े 4 बजे वे मंदिर पहुंचे तो ग्रिल गेट का ताला टूटा दिखा। जिसकी शिकायत थाना छावनी में दर्ज कराया गया है।

मानसून ब्रेक से धान फसल को गंगरेल से सिंचाई पानी की दरकार,ज्ञापन भेजा

रायपुर। गंगरेल के कमांड क्षेत्र में बीते लगभग 10 दिनों से मानसून ब्रेक की स्थिति व खंडवृष्टि के चलते खेतों में खड़ी धान की फसल को सिंचाई पानी की आवश्यकता महसूस होने के साथ - साथ गंगरेल से सिंचाई पानी छोड़ने की मांग भी शुरू हो चला है । दो - तीन दिनों के भीतर व्यापक बरसात न होने व खंडवृष्टि से वंचित कमांड क्षेत्र के ग्रामों में सिंचाई पानी की दरकार के मद्देनजर बंगोली सिंचाई उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले सिंचाई पंचायतों के पूर्व अध्यक्षों ने बीते कल शुक्रवार को आहूत बैठक में गंगरेल से सिंचाई पानी छोड़ने की मांग का निर्णय ले रायपुर जिला जल उपभोक्ता संस्था संघ के अध्यक्ष रहे भूपेंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपने अधिकृत किया था जिन्होंने जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप को मेल से ज्ञापन भेजने के साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को मांग से अवगत करा दिया है ।

ज्ञातव्य हो कि बीते 8-10 दिनों से मानसून ब्रेक की स्थिति बनी हुयी है । स्थानीय प्रभाव के चलते खंडवृष्टि ?के हालात है पर खंडवृष्टि से भी अछूता रहने वाले इलाकों के किसान खेती के लिये सिंचाई पानी की आवश्यकता महसूस करने लगे हैं । बरसात न होने की वजह से अब उनकी निगाहें गंगरेल बांध पर टिकी हैं । किसानों का कहना है कि दो - तीन दिनों के अंदर व्यापक अच्छी बारिश नहीं हुयी तो फिर सिंचाई हेतु बांध के पानी का ही सहारा बच रह जावेगा । इसी के मद्देनजर किसानों द्वारा ध्यानाकर्षण कराये जाने पर सिंचाई पंचायतों के पूर्व अध्यक्षों की एक बैठक आहूत की गयी । बैठक में चिंता राम वर्मा , थानसिंह साहू , हिरेश चंद्राकर , मनमोहन गुप्ता , गोविंद चंद्राकर , भूपेंद्र शर्मा , प्रहलाद चंद्राकर , तुलाराम चंद्राकर , धनीराम साहू , भारतेन्दु साहू व योगेश चंद्राकर मौजूद रहे । बैठक में समग्र परिस्थितियों पर विचार कर व गंगरेल में जल भराव की स्थिति को देखते हुये सिंचाई पानी छोड़ने की मांग विभागीय मंत्री सहित संबंधित अधिकारियों से करने का निर्णय लिया गया ।

आयुक्त ने रेलवे कॉलोनी एवं ट्रैफिक पार्क का किया निरीक्षण

भिलाई, 9 अगस्त। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 05 अंतर्गत रेल्वे कालोनी, नवनिर्मित डोम शेड, सिविक सेंटर ट्रैफिक पार्क एवं अर्जुन रथ उद्यान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुक्त जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता के साथ सेक्टर 07 स्थित रेल्वे कॉलोनी का निरीक्षण किए। निवासरत लोगों से चर्चा किये, पता चला कि जो लोग रहते हैं उनका कोई दस्तावेज नहीं है। आयुक्त ने निवासरत लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकान के लिए आवेदन करने कहा है। साथ ही कालोनी में सप्लाई पेयजल के जांच हेतु अधिकारियों को निर्देशित किये हैं। सेक्टर 06 में डोम शेड का नव निर्माण किया गया है, जिसका अवलोकन कर सीधी बनवाने निर्देशित किया गया है। सिविक सेंटर में ट्रैफिक पार्क का निरीक्षण कर साफ-सफाई कराने के साथ हरियाली बढ़ाने के लिए एजेंसी प्रमोद पांडेय को निर्देशित किए हैं। पार्क में निर्मित मिनी ब्रिज के सिढ़ी को और मजबूत बनाने एवं पार्क में कुछ और आकर्षक कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। समीपस्थ अर्जुन रथ उद्यान का अवलोकन किया गया, रथ के पास लोग चढ़कर मोबाईल से सेल्फी लेते है, जिसके कारण वहां के कुछ हिस्से का टाइल्स उखड़ गया है। आवश्यक संधारण एवं व्यवस्थित करने निर्देशित किया गया है। टाइल्स के उपर प्राइवेट एजेंसियों द्वारा पोस्टर चिपकाया जाता है, संबंधित के नाम से चालानी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे सहित जोन 05 की टीम उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 66.78 लाख रुपए स्वीकृत

दुर्ग, 9 अगस्त। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार विख पाटन अंतर्गत 21 अधोसंरचना निर्माण कार्यों के लिए 66.78 लाख रूपए की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग पाटन द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यो का संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बीके दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड पाटन के ग्राम खम्हरिया कु. और ग्राम रेंगाकठेरा में मुक्तिधाम एवं प्रतिक्षालय शेड निर्माण के लिए 4.79-4.79 लाख रूपए, ग्राम बटरेल में समरसता भवन के पास, ग्राम परसाही में वार्ड क्र. 01 सोमेश्वर घर से राम भरोसा घर की ओर एवं ग्राम सिकोला के वार्ड प्रत्येक ग्राम हेतु 7.80 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

पर्वों का आयोजन सुव्यविस्थत ढंग से हो, सुनिश्चित किया जाए: कलेक्टर

दुर्ग, 9 अगस्त । आगामी तीज-त्यौहरों/पर्वों पर जिले में होने वाले आयोजनों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह कि अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल भी सम्मिलित हुए। बैठक में एजेंडावार धार्मिक पर्वों के पंडाल की सुरक्षा व्यवस्था, आगजनी से सुरक्षा, आपातकालीन सुविधा, विसर्जन, साफ-सफाई तथा जिला स्तरीय शांति समिति के गठन के संबंध में चर्चा की गई। आयोजकों को निर्धारित फार्मेट में देनी होगी संपूर्ण जानकारी।

कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने कहा कि जिले में पर्वों का आयोजन परम्परागत सुव्यविस्थत ढंग से हो, सुनिश्चित किया जाए। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन द्वारा आयोजकों के लिए गाइड लाइन निर्धारित की जाएगी। आयोजकों को निर्धारित फार्मेट में अपनी संपूर्ण जानकारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्वों के पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रशासन की पूर्व अनुमति से हो आयोजन। पंडाल में मुख्य प्रवेश द्वार और निकास द्वार अलग-अलग हो। निगरानी हेतु हाई रिजोल्युशन कैमरे लगाई जाए। पंडाल में कंट्रोल रूम बनाया जाए ताकि यहां से लाईफ देखा जाए। सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग, विशेष परिस्थिति की सूचना से आम जनता को सूचित करने हेतु पर्याप्त मात्रा में माईक एवं साउण्ड बाक्स की व्यवस्था हो। भीड़ प्रबंधन हेतु आयोजकों द्वारा स्वयंसेवकों की टीम बनायी जाए। उन्होंने कहा कि पंडाल या झांकी स्थल पर पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन यंत्र और रेत की बाल्टियां रखी जाए। बिजली की वायरिंग आईएसआई मार्क वाले केबल से हो। जनरेटर व विद्युत उपकरणों पर निगरानी रखी जाए। फाल्ट आने पर तुरन्त बिजली सप्लाई काटने की व्यवस्था हो। प्राथमिक चिकित्सा हेतु पंडाल में अलग से समुचित व्यवस्था किया जाए। आपातकालीन संपर्क नंबरों को प्रमुख स्थानों पर चस्पा किया जाए। भीड़ को नियंत्रित करने रस्सी या बेरिकेट की सुव्यवस्थित रूप से किया जाए। स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी तय किया जाए। पार्किंग से किसी भी आम जनता को या रहवासियों को असुविधा न हो तथा सड़क बाधिक न हो। प्रवेश, निकास, मंच व पार्किंग आदि में स्वयंसेवक तैनात किया जाए।कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान पर विसर्जन प्रक्रिया संपन्न करायी जाए। इस दौरान डी.जे. पर प्रतिबंध हो। साथ ही मादक पदार्थों पर भी प्रतिबंध लगायी जाए। आयोजन के दौरान आयोजकों द्वारा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर बायो प्लास्टिक का उपयोग हो। आयोजन के दौरान समाप्ति तक सफाई का दायित्व आयोजन समिति का होना चाहिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने कहा कि आयोजन स्थल पर रोड मार्कर का अक्षरशः पालन हो। पंडाल से मेन रोड या संपर्क रोड अवरोध न हो। झांकियाँ किसी प्रकार की विवादित न हो। पंडाल में विद्युत अवरोध की स्थिति में जनरेटर की पर्याप्त व्यवस्था हो। आयोजकों के पास पर्याप्त स्वयंसेवक हो। पंडाल के प्रवेश द्वार व निकासी द्वार पर हाई रिजोल्शुन कैमरा से निरागनी रखी जाए। एस.एस.पी. ने कहा कि आयोजन से संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी डी.जे. पर विशेष ध्यान दें। इसके लिए समय निर्धारित की जाए।

जिपं अध्यक्ष ने पुलिस जवानों की कलाई पर बांधी राखी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया, 8 अगस्त। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने रक्षाबंधन पर्व पर छुरिया व चिचोला पुलिस जवानों के साथ राखी का त्योहार मनाया। भाजपा महिला मोर्चा छुरिया की बहनों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने पुलिस भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। मिठाई खिलाई। उनके स्वस्थ, सुरक्षित और दीर्घायु जीवन की कामना की।पुलिस जवानों ने भी बहनों को भरोसा दिलाया कि वे देश की रक्षा के साथ उनकी सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि हमारे पुलिस जवान हर मौसम,

हर परिस्थिति में डटे रहते हैं। त्योहार हो या संकट, वे हमेशा देश की सेवा में लगे रहते हैं। उनके साथ रक्षाबंधन मनाना एक परंपरा नहीं, बल्कि उनके साहस और त्याग को सम्मान देने का माध्यम है। साथ ही यह भी बताता है कि पूरा देश एक परिवार है। हमारे सैनिक उस परिवार के सबसे साहसी प्रहरी हैं। साथ ही इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बिरम मंडावी, जनपद पंचायत सदस्य हेमिन साहु, जनपद सदस्य उत्तरा निषाद,शकुन गंधर्व पूर्व सरपंच भंडारपुर, मालती उईके पूर्व जनपद सदस्य सहित महिला मोर्चा की सदस्य उपस्थित थे..

रक्षाबंधन भाई-बहनों के स्नेह और संस्कृति का प्रतीक : संजय सिन्हा

छूरिया, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सनातन संस्कृति में रक्षाबंधन का पर्व न केवल एक धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का एक गहरा भावनात्मक प्रतीक भी है। यह पर्व भारतीय सामाजिक ताने-बाने में विश्वास, स्नेह, और उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करता है। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने रक्षाबंधन के अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह त्यौहार न केवल पारिवारिक रिश्तों को प्रगाढ़ करता है, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर भी एकजुटता और सुरक्षा का संदेश देता है। श्री सिन्हा ने कहा कि रक्षाबंधन केवल

सगे-सहोदर भाई-बहनों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन सभी लोगों के लिए एक भावनात्मक बंधन बन जाता है जो सच्चे दिल से इस रिश्ते को स्वीकारते हैं। चाहे वह चचेरे, ममेरे, मौसेरे भाई-बहन हों या फिर मुंहबोले, यह पर्व समान रूप से अपनापन और प्रेम का प्रतीक बनकर सामने आता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत जैसे विविधता भरे देश में रक्षाबंधन का पर्व मजहब से ऊपर उठकर मनाया जाता है। कई उदाहरण सामने आते हैं जहाँ विभिन्न धर्मों के लोग इस पर्व को समान श्रद्धा से मनाते हैं। यह दर्शाता है कि रक्षाबंधन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और सामाजिक सौहार्द्र का प्रतीक है।

सिमगा आदर्श शाला में छात्राओं ने राखी बनाकर छात्रों की बांधी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 8 अगस्त। आदर्श शाला परिवार सिमगा में रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। शाला में राखी बनाने की प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें शाला की छात्राओं द्वारा सुंदर सुंदर राखी बनाई गई और फिर उसी राखी को शाला के छात्रों को पहना रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर शाला के समस्त शिक्षकगणों द्वारा सभी छात्र छात्राओं के लिए मिष्ठान की व्यवस्था रखी गई थी। इस अवसर पर वार्ड पार्षद विष्णु जायसवाल एवं माया सलूजा उपस्थित रहे एवं वृक्षों को भी रक्षासूत्र बांधा गया।

एक नजर

आईटीआई राजनांदगांव में अप्रेंटिसशिप मेला 11 को

राजनांदगांव, 9 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 11 अगस्त 2025 को सुबह 9 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया है। अप्रेंटिसशिप मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट हेतु आमंत्रित किया गया है। शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ अप्रेंटिसशिप मेला में शामिल हो सकते है।

योजनाओं के लाभ के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल में किसानों का पंजीयन जरूरी

रायपुर, 9 अगस्त। राज्य शासन द्वारा किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से दिलाने के लिए एकीकृत किसान पोर्टल को अब एग्रीस्टैक पोर्टल से जोड़ा गया है। खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के लिए सभी किसानों को इस पोर्टल पर पंजीयन कराना जरूरी होगा। जिन किसानों ने पहले धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था, उन्हें भी संशोधन या कैरी फारवर्ड से पहले एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। बिना एग्रीस्टैक पंजीयन के कोई भी किसान धान विक्रय के लिए पात्र नहीं होगा। यह पंजीयन किसान नजदीकी लेम्प्स (सहकारी समिति) या ग्राहक सेवा केंद्र में निःशुल्क करवा सकते हैं। एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकृत किसानों को कृषक उन्नति योजना का भी लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत पिछले खरीफ में पंजीकृत किसानों को, जिन्होंने धान की जगह अन्य खरीफ फसलें लगाई थीं और उनकी गिरदावरी में पुष्टि हुई है, उन्हें प्रति एकड़ 11,000 रुपये की दर से आदान सहायता राशि दी जाएगी। वहीं, यदि किसान दलहन, तिलहन, मक्का, लघु धान्य (जैसे कोदो, कुटकी, रागी) या कपास की खेती करते हैं, तो उन्हें प्रति एकड़ 10,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

मधुमक्खियों के हमले से 75 वर्षीय महिला की मौत

कोरबा 9 सितंबर। मधुमक्खियों के झुंड ने एक 75 साल की बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। ग्राम बनधवाभाठा में सिहारिन बाई अपने बेटे के साथ खेत में काम कर रही थीं। तभी अचानक मधुमक्खियों का झुंड आ पहुंचा। मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। हमले के बाद सिहारिन वहीं गिर गई थी। जिसके बाद बेटा अपने कंधे पर लादकर मां को घर लाया। वहां से उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है सिहारिन बाई और उनका बेटा सुरेश यादव दोनों अलग-अलग खेतों में काम कर रहे थे। अचानक सिहारिन बाई के चिल्लाने की आवाज सुनकर सुरेश दौड़कर वहां पहुंचा। उसने देखा कि मधुमक्खियों का झुंड उनकी मां पर हमला कर रहा था और वह खेत में गिर गई थीं। सुरेश किसी तरह अपनी मां को कंधे पर लेकर घर की ओर भागा। इस दौरान मधुमक्खियों ने उसे भी काटा और झुंड गांव तक पहुंच गया। परिजन तुरंत निजी वाहन से सिहारिन बाई को जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। जहां उसकी जान चली गई। मृतक के दामाद संत राम ने बताया कि जिस खेत के पास वे काम कर रहे थे, वहां पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता था। उन्होंने बताया कि एक या दो मधुमक्खियों के काटने से आमतौर पर मौत नहीं होती, लेकिन झुंड के एक साथ हमला करने से यह घटना हुई।

मुख्यमंत्री ने आईआईएम रायपुर के सुशासन फेलोशिप छात्रों से आत्मीय संवाद में साझा किए अपने अनुभव

ईमानदारी और निष्ठा से निभाई गई जिम्मेदारी देती है सकारात्मक परिणाम : विष्णुदेव साय

■ जीवन के अनुभवों से सिखाए सुशासन के गुर, विद्यार्थियों के जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों के दिए प्रेरक उत्तर

रायपुर, 9 अगस्त। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि ईमानदारी और निष्ठा से निभाई गई जिम्मेदारी हमेशा सकारात्मक परिणाम देती है। जनसेवा में ईमानदारी और समर्पण के साथ लगे रहने पर जनता का स्नेह और आशीर्वाद अवश्य ही प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री साय आज मंत्रालय महानदी भवन के पंचम तल स्थित नवनिर्मित सभागार में आयोजित 'मुख्यमंत्री सुशासन संवाद' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह आयोजन IIM रायपुर में अध्ययनरत मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप के विद्यार्थियों के साथ हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री ने आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें सुशासन की बारीकियों से अवगत कराया और उनके प्रश्नों के प्रेरणादायक उत्तर दिए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जिसने सुशासन एवं अभिसरण विभाग की स्थापना की है। प्रदेश में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है, जिससे सभी फाइलें डिजिटलीकृत हो रही हैं। इससे शासन की कार्यप्रणाली पारदर्शी बनी है और फाइलों की ट्रैकिंग भी सहज हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा भ्रष्टाचार के सभी मार्गों को बंद करने की है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जनता को शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ मिले, यही असली सुशासन है। योजनाएं सोच-समझकर बननी चाहिए, क्योंकि इसके पीछे जनता की गाढ़ी कमाई लगती है। जब योजनाएं जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से क्रियान्वित होती हैं, तभी आमजन को उसका सीधा लाभ मिलता है। मुख्यमंत्री साय ने सुशासन फेलोशिप के विद्यार्थियों से संवाद के दौरान उनके जिज्ञासु सवालों के बेझिझक और प्रेरणाप्रद उत्तर दिए। आरंग के फेलो हर्षवर्धन ने जब मुख्यमंत्री से उनके ग्राम बगिया के पंच से लेकर मुख्यमंत्री बनने के सफर की सबसे महत्वपूर्ण सीख पूछी, तो मुख्यमंत्री साय ने अपने राजनीतिक और पारिवारिक संघर्षों को साझा करते हुए कहा - बहुत कम उम्र में पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी मेरे कंधों पर आ गई। मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि मैं पंच भी बनूंगा, लेकिन जो भी जिम्मेदारी मिली, उसे पूरी निष्ठा से निभाया। उन्होंने आगे कहा कि ईमानदारी और निष्ठा से जब कार्य करते हैं, तो सकारात्मक परिणाम मिलते हैं। मैंने कभी कर्तव्यपथ नहीं छोड़ा, और जनसेवा को जीवन का लक्ष्य बनाया। जनता ने मुझे पंच, सरपंच, विधायक, सांसद, राज्य मंत्री और अब मुख्यमंत्री तक का दायित्व सौंपा।

फेलोशिप के प्रोस्पेक्टस का विमोचन, अंजोर विजन डॉक्यूमेंट भी किया भेंट

मुख्यमंत्री साय ने मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप कोर्स के प्रोस्पेक्टस का विमोचन किया और विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ अंजोर विजन डॉक्युमेंट की प्रति भी भेंट की। इस अवसर पर गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने भी छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत, सुशासन एवं अभिसरण विभाग के विशेष सचिव रजत बंसल, संयुक्त सचिव मयंक अग्रवाल, ढूढ़रूरायपुर के प्रोफेसर्स एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

फेलोशिप का उद्देश्य - भविष्य के उत्तरदायी सुशासक तैयार करना

कार्यक्रम में सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सचिव राहुल भगत ने फेलोशिप योजना की रूपरेखा पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप का उद्देश्य राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को गवर्नेंस की उच्च स्तरीय शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर एक दक्ष एवं उत्तरदायी प्रशासनिक पीढ़ी तैयार करना है। इस योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सरकार, भारतीय प्रबंधन संस्थान (ढूढ़रू) रायपुर के साथ मिलकर पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित कर रही है। चयनित फेलोज को शासन के विभिन्न विभागों में प्रायोगिक प्रशिक्षण के अवसर भी दिए जाएंगे। भगत ने बताया कि फेलोज शासन के निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में डेटा आधारित नीति निर्धारण, प्रशासनिक प्रक्रियाओं के सरलीकरण, संसाधनों के कुशल उपयोग, ई-गवर्नेंस को मजबूती, और नीतियों के जमीनी प्रभावों के विश्लेषण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में योगदान देंगे।

समाचार संक्षेप

साल्हेटोला में 10 अगस्त को मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस

■ परिक्षेत्र के 18 गांवों से सर्व आदिवासी समाज हजारों की संख्या में होंगे उपस्थित, भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया, 9 अगस्त। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज परिक्षेत्र कल्लूटोला के द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन परिक्षेत्र के ग्राम साल्हेटोला में आयोजित की जा रही है जिसकी तैयारी आज से 15 दिन पूर्व समाज प्रमुखों ने गांव गांव में बैठक लेकर किया गया है।

विदित हो संयुक्त राष्ट्र संघ ने 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस घोषित किए हैं उस दिन को पूरे विश्व भर के आदिवासी समाज उत्सव के रूप में मनाते हैं 9अगस्त 1994 को सयुक्त राष्ट संघ के द्वारा एक बैठक आयोजित किए थे जिसमें दुनिया भर के सभी देश के प्रतिनिधि उस बैठक में भाग लिए थे और उसी दिन से आदिवासियों कि संस्कृति अधिकारों शिक्षा उनकी सुरक्षा जैसे मूल भूत सुविधाओं, चुनौतियों को उनकी समस्याओं को दूर करने कि प्रस्ताव पारित हुआ था तब से 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के रूप मे मनाते आ रहे है। उस दिन आदिवासी समाज अपनी धर्म संस्कृति

अधिकारों कि रक्षा एवं संवर्धन के लिए संकल्प लेते हैं।

समाज प्रमुख रघुवीर सेवता फुलकुवर चंद्रवंशी, उद्धव ठाकुर , मनराखन श्याम,लोकेंद्र ठाकुर हिरासिंग मंडावी विनेक मंडावी ने बताए कि सर्व आदिवासी समाज परिक्षेत्र कल्लूटोला के 18 गाँव के समाज इस आयोजन को भव्य बनाने में जुटे हुए हैं जिसमें बड़ी संख्या में समाज प्रमुखों कि गरिमामय उपस्थिति होगी, और एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही वनांचल ग्राम कटेंगा टोला के नर्तक दल भी उपस्थित रहेंगे।10 वी एवं 12 वी बोर्ड में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले समाज के बच्चों का होगा प्रतिभा सम्मान।समाज प्रमुखों ने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने कि अपील कि है।उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी दिलीप नेताम ने दी।

पुलिस का ऑपरेशन मुस्कान, सुरक्षा का असली वचन

अब तक 135 गुम लोगों को ढूंढ निकाला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 9 अगस्त। जब कोई अपना खो जाए तो उसकी वेदना परिवार को अंदर तक झकझोर देती है। कहीं गुम हो जाने वाले बच्चे या व्यक्ति वर्षों तक भटकते रहते हैं। जिसकी टीस उनके परिवारजनों को विचलित कर देती है और वे हर किसी से अपने बच्चे के बारे में सुधि लेने की कोशिश करते हैं। जेहन में यह खयाल कि हमारा बच्चा किस हाल में होगा। पुलिस प्रशासन ने ऐसे ही प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए एक मिसाल प्रस्तुत की है और ऑपरेशन मुस्कान तथा ऑपरेशन तलाश एक जरिया बनी है, ऐसे परिवारजनों से उनके बिछड़े और गुम हो गए बच्चे एवं प्रियजनों को मिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान एवं ऑपरेशन तलाश के माध्यम से बेहतरीन कार्य किया गया है और उनके परिजनों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए शिद्दत से कोशिश की गई है। जिसका सुखद परिणाम यह है कि अब तक 23 बालक एवं बालिकाएं तथा ऑपरेशन तलाश अंतर्गत 112 महिला एवं पुरूष अपने घर-परिवार के पास वापस लौट गए है और उनके चेहरे पर यह मुस्कान सुकून देने वाली है।

पुलिस विभाग में आपसी समन्वय, लगातार तफ्तीश के माध्यम से मिशन मोड में कार्य किया गया है। जिससे यह मुश्किल कार्य संभव बना। इस कार्य के लिए राजनांदगांव पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में पहुंचकर गुमशुदा बच्चों एवं व्यक्तियों को बरामद किया गया है।

ऑपरेशन मुस्कान द्वारा बच्चों को अपनों से मिलाकर सुरक्षा का असली वचन निभाते हुए पुलिस विभाग द्वारा अपना दायित्व निभाया गया। गुमशुदा बच्चों एवं व्यक्तियों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है, जिससे उनके परिवार में खुशी का महौल है। उनके परिजनों द्वारा राजनांदगांव पुलिस को धन्यवाद व्यक्त करते हुए कृतज्ञता ज्ञापित किया गया है।

घरों में तिरंगा लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करें : वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा, 9 अगस्त। तिल्दा-नेवरा में भाजपा शहर एवं ग्रामीण में की आवश्यक बैठक हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित हुए मंत्री टंक राम वर्मा साथ में अनिल अग्रवाल जिला महामंत्री राम पंजवानी जिला उपाध्यक्ष ,चंद्रकला वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका तिल्दा नेवरा स्वाति वर्मा, शैल साहू ,पलक विकास सुखवानी नरेंद्र शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित हुए जिसमें सभी ने कार्यक्रम को संबोधित किया और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार किया गया तिरंगा यात्रा को लेकर मंत्री वर्मा ने कहा कि मोदी जी के आवाहन पर पूरा देश में घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत सभी घरों में तिरंगा ध्वज लहराया जाना है और हम सबको अपने घरों में और अपने आसपास के घरों में ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करना है उक्त कार्यक्रम में नव नियुक्त तिल्दा शहर एवं ग्रामीण मंडल के पदाधिकारी का सम्मान भी किया गया मंत्री के द्वारा, कार्यक्रम में मनोज निषाद मंडल अध्यक्ष शहर ,नरसिंह वर्मा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण ,विकास सुखवानी, डागेश्वर साहू , अलख साहू टेकराम यादव गोपाल साहू दिनेश गायकवा ईश्वर यदु, भागबली साहू,सौरभ जैन,विनोद नेताम, अमरजीत पासवान, सतीश निषाद, अनिल नायक, सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निको माइंस गिधाली ने टीबी मरीजों को पोषण आहार किट प्रदान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बालोद, 9 अगस्त। 7 अगस्त को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. एल. उईके सर के निर्देशानुसार व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.वी. एस. ठाकुर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है, इस दिशा में निक्षो माइंस, गिधाली के द्वारा बालोद जिले के उपचाररत 25 टीबी मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया गया, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीज हेतु निक्षय मित्र बनाकर टीबी मरीजों को गोद लिया जाता हैं व पोषण आहार सामग्री न्यूनतम 6 माह हेतु प्रदान कर सहायता किया जाता हैं , पोषण आहार की टोकरी में सामान्यतः प्रोटीन आहार प्रदान किया जाता हैं जिसमें दाले, सोयाबीन बड़ी, तेल, गुड, दलिया, चना, अंडा इत्यादि दिया जाता है कोई भी आम नागरिक निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को अपनी स्वेछानुसार पोषण आहार प्रदान कर सकता है ताकि टीबी मुक्त भारत बनाने हेतु पहल किया जा सके बालोद जिले में अब तक कुल 709 निक्षय मित्र के द्वारा फूड बास्केट का वितरण किया जा चुका है।

कलेक्टर ने जिले में संचालित निजी खाद बीज विक्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ मोहड़ में गोदाम को सील करने की कार्रवाई की गई

■ 146 बोरी यूरिया, 38 बोरी सिंगल सुपर फास्फेट बरामद

राजनांदगांव, 9 अगस्त। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में खाद की अधिक दर बिक्री की शिकायतों के दृष्टिगत कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले में संचालित निजी खाद-बीज विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को खाद-बीज की कालाबाजारी की आशंका को ध्यान में रखते हुए निजी खाद-बीज विक्रय केन्द्रों की निगरानी करने के लिए कहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम द्वारा लगातार निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज कृषि विभाग की टीम के द्वारा ग्राम मोहड़ में कृषक श्री सुरेंद्र चंद्राकर के किराए के गोदाम में निरीक्षण किया गया। जहां मौके पर 146 बोरी यूरिया, 38 बोरी सिंगल सुपर फास्फेट एवं 28:28:00 बोरी बरामद किया गया। इस दौरान गोदाम को सील करने की कार्रवाई की गई।

रायपुर की तीन छात्राएं वर्ल्ड रोबोटिक्स ओलंपियाड के रीजनल राउंड के लिए चयनित

कोलकाता में 11 अगस्त को प्रदर्शित करेंगी अपना स्मार्ट पार्किंग प्रोजेक्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 9 अगस्त। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसी का एक उदाहरण है वर्ल्ड रोबोटिक्स ओलंपियाड के रीजनल राउंड के लिए रायपुर के पीएमश्री आर.डी. तिवारी अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय की तीन छात्राओं का चयन। वर्ल्ड रोबोटिक्स ओलंपियाड में देशभर से आए सैकड़ों प्रोजेक्ट्स में से 400 प्रोजेक्ट्स को चुना गया है, जिनमें रायपुर के पीएमश्री आर.डी. तिवारी अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय की कक्षा आठवीं

की छात्रा पारूल सिरमौर, पूर्वा साकार, रिचल एक्का का 'स्मार्ट पार्किंग' प्रोजेक्ट भी शामिल है। यह प्रोजेक्ट सतत विकास लक्ष्य पर आधारित है। यह उपलब्धि न केवल प्रदेश के लिए गौरव की बात है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की नीतियों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम भी है।

गौरतलब है कि विद्यालय में रोबोटिक्स लैब की स्थापना वोडाफोन आइडिया फाउंडेशन और एरिक्सन इंडिया ने सीएसआर फंड के तहत की है। लैब में स्ट्रॉबीज, आर्डुइनो, 3डी प्रिंटर, वेक्स आईक्यू, वीआर हेडसेट जैसे कई आधुनिक किट्स उपलब्ध हैं। यही नहीं, इन कंपनियों की ओर से एक रोबोटिक्स मेंटर भी उपलब्ध करवाया गया है।

वर्ल्ड रोबोटिक्स ओलंपियाड एक विश्वस्तरीय प्रतियोगिता है, जिसमें चार राउंड होते हैं। पहले वर्चुअल राउंड में छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते उनका चयन अगले चरण के लिए हुआ है। अब वे 11 अगस्त को कोलकाता में होने वाले रीजनल राउंड में अपना प्रोजेक्ट प्रदर्शित करेंगी। अगर यहां भी चयन होता है, तो वे हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

विद्यालय के प्राचार्य राकेश गुप्ता एवं रोबोटिक मेंटर सौरव वर्मा ने कहा कि वर्ल्ड रोबोटिक्स ओलंपियाड के रीजनल राउंड में पीएमश्री आर.डी. तिवारी अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं का चयन होना न केवल स्कूल, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

संपादकीय

मॉडल दफ्तर और बेहतर सुविधा

जनता के प्रति संवेदनशील सरकार जनता को हमेशा बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने की सोचती है और देने का प्रयास भी करती है। इससे जनता को फायदा होता है तथा सरकार को भी कई तरह की आलोचना के बचने का मौका मिलता है। साय सरकार ऐसी ही जनता के प्रति संवेदनशील सरकार है, वह पहले देखती है कि जनता को किसी दफ्तर में किस कारण से असुविधा हो रही है। फिर वह सोचती है कि जनता को कैसे बेहतर सुविधा दी जा सकती है।यही वजह है कि जो काम पहले की सरकारे भी कर सकती है, वह काम साय सरकार करके दिखा रही है। अब तक रजिस्ट्री व्यवस्था बरसों से एक ही ढर्रे पर चली आ रही थी, एक ही दफ्तर होने से वहां भीड़ भी होती थी, जरूरी सुविधाएं न होने से अलग परेशानी होती थी, काम में समय भी बहुत लगता था और भ्रष्टाचार भी होता था। साय सरकार ने जनता को बेहतर सुविधा देने के लिए रजिस्ट्री मॉडल दफ्तरों की कल्पना और उसे साकार करने का प्रयास कर रही है।आने वाले कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य होगा जहां रजिस्ट्री मॉडल दफ्तरों में होगी। अभी तक एक शहर व जिले में एक रजिस्ट्री दफ्तर होने से ज्यादा भीड़ रहती है।अफसरों पर भी काम का ज्यादा दवाब होता है। लोगों की सुविधा के लिए सरकार एक ही शहर में अलग अलग जगह पर मॉडल रजिस्ट्री दफ्तर खोलेगी।राजधानी रायपुर में मॉडल रजिस्ट्री दफ्तर वीआईपी तिराहा चौक स्थित बेबीलोन टॉवर, सड्डू विधानसभा रोड़। इसके बाद तीन मॉडल रजिस्ट्री दफ्तर अलग अलग जगह खोले जाएंगे। रायपुर के बाकी 32 जिलों में मॉडल रजिस्ट्री दफ्तर खोले जाएंगे। इससे रजिस्ट्री दफ्तरों मे भीड़ नहीं होगी, अफसरों पर काम का दबाव कम होगा। लोगों के घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा,भ्रष्टाचार कम होगा। नए दफ्तरों में जनता के बैठने से लेकर पानी, बाथरूम आदि की सुविधा होगी। इस मॉडल की केंद्र सरकार ने सराहना की है। केंद्र सरकार ने भी हाल ही अलग अलग जगह स्थित सरकारी विभागों के लिए एक जगह भवन बनाकर मिसाल की है कि सरकारी दफ्तर एक जगह होने चाहिए और वह सर्वसुविधायुक्त होने चाहिए। इससे जनता को,कर्मचारियों को फायदा होता है।

राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने अनुभवों का लाभ उठाएंगे। आपको कोई पुरस्कार मिलने की संभावना है। आप अपने बॉस से दी गई जिम्मेदारी में ढील बिल्कुल ना दें, नहीं तो इससे आपके आपसी रिश्तों में कड़वाहट आने की संभावना है। कोई पुराना रोग उभर सकता है, जो आपका टेंशन देगा। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है।

वृषभ आज आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। मित्रों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप किसी वाहन की खरीदारी की योजना बनाएंगे। आपको जीवनसाथी से किसी वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा, नहीं तो उससे आपके रिश्तों में कड़वाहट बढ़ेगी। व्यापार में अच्छा उछाल आएगा। प्रेम संबंधों में आपका विश्वास भी मजबूत रहेगा, तो आप कहीं घूमने फिरने की योजना बना सकते हैं। आप अपने आसपास रह रहे लोगों से सावधानी बरतें।

मिथुन आज का दिन आपके लिए अध्यात्म के कार्यों से जुडकर नाम कमाने के लिए रहेगा। जल्दबाजी में कोई काम करना आपको नुकसान देगा। आप किसी की सीख और सलाह पर आगे ना बढ़ें। यदि आपने कोई जोखिम लिया, तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। आप अपने डेली रूटीन को बेहतर बनाने की कोशिश करें। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा और आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

कर्क आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। परिवार के सदस्यों में यदि दूरी आ गई थी, तो वह भी दूर होगी। आज आप किसी से कटु वचन ना बोले और यदि कोई लेनदेन करें, तो बहुत ही देखभाल कर करें। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो अपने सामानों की सुरक्षा आवश्यक करें। आप संतान की पढ़ाई-लिखाई को लेकर कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं।

सिंह आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी से प्रलोभन में ना आए और आप अपने सहयोगियों का भरोसा जीतने में कामयाब रहेंगे। राजनीति में किसी से तर्क वितर्क मे पड़ने से बचना होगा, क्योंकि वह आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आप अपने कामों को धैर्य रखकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपका मन आज इधर उधर के कामों में लगेगा।

कन्या आज का दिन आपके लिए कला और कौशल में सुधार लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अपने बॉस की आंखों का तारा बनेंगे। आपको कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों के जन समर्थन में इजाफा होगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है। आप किसी नए प्रॉपर्टी की डील को फाइनल करने की कोशिश करेंगे, जिसके लिए आप कोई लोन भी अप्लाई कर सकते हैं। परिजनों से यदि कोई मनमुटाव चल रहा था, तो वह दूर होगा।

तुला आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखें और जल्दबाजी में कोई निर्णय न ले। आपको अपने बॉस की बातों को नजरअंदाज करने से बचना होगा। माता जी की सेहत में गिरावट आने से भाग दौड़ अधिक रहेगी। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आप अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए सूझ बूझ दिखाकर काम करने के लिए रहेगा। आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे, लेकिन आप किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें। बिजनेस को लेकर आपको किसी के साथ पार्टनरशिप करनी पड सकती है, जिससे आपका व्यवसाय काफी आगे तक चलेगा। आप अपनी संतान को किसी परीक्षा की तैयारी करा सकते हैं। आपको अपने लक्ष्य को त्यागकर आगे बढ़ना होगा। आप कोई महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने की पूरी कोशिश करेंगे।

धनु आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी सुख-सुविधाओं पर पूरा जोर देंगे और घर पर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप सभी का भरोसा जीतने की पूरी कोशिश करेंगे। जनकल्याण के कार्यों पर आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी धार्मिक यात्रा पर भी जाने का मौका मिल सकता है। जीवनसाथी पर आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आप संतान को संस्कारों और परंपराओं का पाठ पढ़ाएंगे। यदि आपने किसी से कोई वादा किया है, तो उसे पूरा करने की आप कोशिश करें।

मकर आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। विभिन्न कार्य में आपकी काफी रुचि रहेगी और आपके साहस व पराक्रम में वृद्धि होगी। जीवन स्तर में सुधार आएगा। दांपत्य जीवन में खुशहाली रहेगी और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई काम मिल सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों को अपने आसपास रह रहे विरोधियों से थोड़ा सावधान रहना होगा। आपको कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

कुंभ आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आपके सहयोगी आपसे नाराज हो सकते हैं। आप दिखावे के चक्कर में ना पड़ें, नहीं तो इससे आपका अच्छा खासा खर्चा होगा। दान-धर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप किसी यात्रा पर जाने के लिए सोच विचार कर सकते हैं। यदि माताजी आपको कोई काम सौंपे, तो आप उसको लेकर लापरवाही बिल्कुल ना बरतें और आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें, नहीं तो इससे आपके बेवजह के लड़ाई झगड़े बढ़ेंगे।

मीन आज का दिन आपके लिए आय में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा, क्योंकि आपको बिजनेस में भी अच्छी सफलता मिलने की संभावना है और आपकी कुछ डील फाइनल होगी। परिवार में भी किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

पर्व

रक्षाबंधन: क्या वास्तव में निभा रहे हैं भाई-बहन प्रेम और रक्षा का वादा?

डॉ. सत्यवान सौरभ

त्योहार भारत की सांस्कृतिक आत्मा का आईना हैं। वे केवल कैलेंडर में दर्ज तारीखें नहीं होते, बल्कि पीढ़ियों से जुड़ी भावनाओं, रिश्तों और सामाजिक बंधनों का जीवंत प्रतीक होते हैं। रक्षाबंधन भी ऐसा ही एक पर्व है, जो भाई-बहन के रिश्ते को स्नेह, सुरक्षा और विश्वास की डोर में बांधने का प्रतीक है। लेकिन सवाल यह है कि क्या हम आज वास्तव में इस पर्व के मूल भाव को निभा रहे हैं, या यह भी अन्य त्योहारों की तरह दिखावे और औपचारिकता के चकाचौंध में खो गया है?

परंपरा से वर्तमान तक की यात्रा-कभी रक्षाबंधन एक ऐसा अवसर था जब बहनें भाई के माथे पर तिलक लगाकर, राखी बांधकर उनसे जीवनभर सुरक्षा और सहयोग का वादा लेती थीं। यह सुरक्षा केवल शारीरिक खतरों से बचाने की नहीं, बल्कि जीवन की हर कठिनाई में साथ खड़े होने का आश्वासन था। भाई भी पूरे गर्व के साथ इस वादे को निभाते थे। यह रिश्ता घर के आंगन में पनपता, पत्रों में झलकता और जीवनभर निभता था। मगर आज, राखी बांधना एक 'फोटोजेनिक' इवेंट बन गया है। सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालना, महंगे गिफ्ट देना, ऑनलाइन राखी मंगवाना — यह सब असली भावना को छूने के बजाय उसे सतही बना रहा है। भाई-बहन के बीच संवाद घट रहा है, और 'रक्षा' शब्द का दायरा भी सिमटता जा रहा है।

रक्षा का बदलता अर्थ-पुराने समय में बहनें केवल भाई पर निर्भर नहीं रहती थीं, लेकिन उन्हें पता था कि मुसीबत में भाई उनकी ढाल बनेगा। आज के समय में भाई-बहन दोनों ही अपनी-अपनी व्यस्त जिंदगी में इतने उलझ गए हैं कि अक्सर एक-दूसरे की समस्याओं से बेखबर रहते हैं। रक्षा का मतलब अब 'फिजिकल प्रोटेक्शन' से ज्यादा 'फाइनेंशियल हेल्प' या 'इमरजेंसी सपोर्ट' तक सीमित हो गया है। लेकिन यहां भी एक विडंबना है — जब बहन आर्थिक रूप से सक्षम होती है, तो अक्सर वह भाई की मदद करती है, पर यह भावना रक्षाबंधन के विमर्श में उतनी जगह नहीं पाती। हमारी संस्कृति में अभी भी रक्षा का जिम्मा एकतरफा तरीके से भाई पर डाल दिया जाता है, जबकि आधुनिक रिश्तों में सुरक्षा और सहयोग दोनों तरफ से होना चाहिए।

दिखावे का दौर-सोशल मीडिया के दौर में त्योहार अब निजी अनुभव से ज्यादा सार्वजनिक प्रदर्शन बन गए हैं। राखी की तस्वीर, गिफ्ट का वीडियो, स्टेटस अपडेट — ये सब रिश्ते की असली आत्मा को दबा देते हैं। कई बार भाई-बहन सालभर बात नहीं करते, लेकिन राखी के दिन फोटो खिंचवा कर ऑनलाइन डाल देते हैं ताकि समाज

को 'परफेक्ट रिलेशन' का प्रमाण मिल जाए। यह दिखावा उस सच्चाई को ढक देता है कि कई बहनें घरेलू हिंसा, मानसिक उत्पीड़न या आर्थिक शोषण का शिकार होती हैं और भाई जानते हुए भी चुप रहते हैं। वहीं, कई भाई जीवन की कठिनाइयों में बहनों से भावनात्मक सहयोग चाहते हैं, लेकिन उन्हें भी केवल 'त्योहार वाले रिश्ते' का जवाब मिलता है।

संवेदनाओं की कमी-रक्षाबंधन का मूल भाव यह था कि भाई-बहन एक-दूसरे की कमजोरी नहीं, बल्कि ताकत बनें। लेकिन आज संवेदनाओं का सूखा पड़ता जा रहा है। रिश्ते भले खून के हों, पर उनमें औपचारिकता और दूरी बढ़ रही है। शहरों में नौकरी, बिज़नेस, और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के बीच पारिवारिक जुड़ाव कमजोर हो रहा है। यह स्थिति केवल रक्षाबंधन के लिए नहीं, बल्कि सभी पारिवारिक रिश्तों के लिए चिंता का विषय है। अगर भाई-बहन का रिश्ता भी केवल एक दिन के उत्सव तक सीमित रह गया, तो आने वाले समय में यह त्योहार भी केवल 'फूल, मिठाई और फोटो' का त्योहार बनकर रह जाएगा।

समानता का दृष्टिकोण-आज के समय में रक्षा का अर्थ केवल पुरुष की जिम्मेदारी नहीं हो सकता। बहनों को भी भाइयों के जीवन में समान भूमिका निभानी चाहिए — चाहे वह भावनात्मक समर्थन हो, सलाह हो या मुश्किल समय में कंधा देने की बात। भाई-बहन का रिश्ता तभी सार्थक है जब उसमें बराबरी और परस्पर सहयोग हो। अगर किसी भाई पर बहन की शादी, पढ़ाई या करियर का बोझ आता है, तो बहन पर भी भाई की जरूरतों को समझने और मदद करने की जिम्मेदारी आती है। यही संतुलन इस रिश्ते को आधुनिक समय में भी प्रासंगिक बनाए रख सकता है।

समाधान की दिशा-हमें यह समझना होगा कि त्योहार का असली मूल्य उसकी रस्मों में नहीं, बल्कि उसके पीछे छिपी भावनाओं में है। भाई-बहन दोनों को अपने रिश्ते की नींव में विश्वास और सहयोग रखना चाहिए, न कि केवल गिफ्ट और फोटो के सहारे इसे निभाना चाहिए। सालभर एक-दूसरे से बात करना, छोटी-छोटी खुशियां और परेशानियां साझा करना ही रिश्ते को जिंदा रखता है। एक फोन कॉल, एक मुलाकात, या मुश्किल वक्त में साथ खड़े होने का भाव, राखी के धागे से कहीं ज्यादा मजबूत डोर बनाता है। सोशल मीडिया पर दिखाने के बजाय असल में निभाना ज्यादा जरूरी है। राखी का मतलब 'लाइक्स' नहीं, बल्कि लाइफ में प्रेज़ेंस है। भाई-बहन दोनों को एक-दूसरे की सुरक्षा, सम्मान और जरूरत का ख्याल रखना चाहिए। एकतरफा जिम्मेदारी की सोच बदलनी होगी। राखी की रस्म निभाते हुए भी रिश्ते में आधुनिक मूल्यों — जैसे समानता, स्वतंत्रता और व्यक्तिगत सम्मान — को जगह देना जरूरी है।

रक्षाबंधन का असली वादा-रक्षाबंधन केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि रिश्तों की असली परीक्षा है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारे जीवन में ऐसे लोग हैं जिनसे हम बिना किसी स्वार्थ के जुड़े हैं। लेकिन अगर यह जुड़ाव केवल कैलेंडर की तारीख पर ही जीवित होता है, तो इसका असली महत्व खत्म हो जाएगा। आज जरूरत है कि हम राखी के धागे को केवल कलाई पर नहीं, बल्कि दिल में भी बांधें — ऐसा बंधन, जो साल के 365 दिन स्नेह, सम्मान और सुरक्षा के वादे को निभाए। तभी हम कह पाएंगे कि हम सच में भाई-बहन प्रेम और रक्षा का वादा निभा रहे हैं।

यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी आलाकमान लोकसभा वाली गलती से बचेगा

अजय कुमार,लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति को और मजबूत करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी आलाकमान अबकी से 2024 के लोकसभा चुनाव की गलती नहीं दोहरायेगी,जब अति आत्मविश्वास में बीजेपी ने उन सांसदों का टिकट नहीं काटा था,जिनसे वोटर नाराज चल रहा था या फिर विवादों में घिरे हुए थे। इसी लिये अबकी बार बीजेपी ने 403 विधानसभा सीटों पर अपने विधायकों और प्रमुख नेताओं के प्रदर्शन का गंभीरता से आकलन शुरू कर दिया है। इस बार पार्टी का लक्ष्य यूपी में हैट्रिक लगाना है, जिसके लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। इस प्रक्रिया में विधायकों की क्षेत्रीय सक्रियता, जनता से संवाद, विकास कार्यों की प्रगति, बजट उपयोग और उनकी छवि जैसे मापदंडों पर गहन मूल्यांकन किया जा रहा है। खास तौर पर उन विधायकों पर नजर है, जिनसे जनता नाराज है या जो किसी विवाद में फंसे हैं। ऐसे विधायकों के टिकट कटने की संभावना तेज हो गई है, क्योंकि बीजेपी जीत की गारंटी देने वाले उम्मीदवारों को ही मैदान में उतारना चाहती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, विधायकों का यह ऑडिट गोपनीय तरीके से किया जा रहा है। विधायकों को तीन श्रेणियों,ए, बी और सी में बांटा जा रहा है। जिनका प्रदर्शन कमजोर है या जिनकी छवि विवादों से घिरी है, उन्हें सी श्रेणी में रखा जा रहा है, और उनके टिकट कटने का खतरा मंडरा रहा है। जनता की नाराजगी का आलम यह है कि कई क्षेत्रों में लोग अपने विधायकों की अनदेखी और विकास कार्यों में लापरवाही से नाखुश हैं। इसके अलावा, कुछ विधायकों के विवादित बयान और कानूनी मसले भी पार्टी के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। कुछ विधायकों के नाम इस संदर्भ में चर्चा में हैं। बलिया से बीजेपी विधायक आनंद स्वरूप शुक्ला का नाम विवादों से जुड़ा रहा है। उनके कुछ बयानों और स्थानीय स्तर पर जनता से दूरी की शिकायतें सामने आई हैं, जिससे उनकी स्थिति कमजोर मानी जा रही है। इसी तरह, मेरठ के एक विधायक पर भी स्थानीय लोगों ने उपेक्षा का आरोप लगाया है और उनके खिलाफ पार्टी के अंदर भी असंतोष की बातें सामने आ रही हैं। आलाकमान कमजोर विधायकों का रिपोर्ट कार्ड तैयार कर रही है,यह जानकारी आते ही कई विधायकों ने जनता से संवाद बढ़ा दिया है। आजकल लखनऊ के एक विधायक योगेष षुक्ल सुबह-सुबह गांव की चौपाल पर चाय की चुस्कियां लेते दिखते हैं, जनता से गप्पे मारते हुए मिल जाते हैं। वहीं, गोरखपुर से विधायक और पूर्व मंत्री फतेह बहादुर ब्रहम भोज तक नहीं छोड़ रहे हैं,इसकी फोटो भी सोषल मीडिया में डालते हैं। तो रात-रात भर कथित तौर पर जनसुनवाई करते रहते रहे हैं। कुछ समय पूर्व फतेह बहादुर ने आरोप लगाया है कि यूपी पुलिस के अधिकारी कुछ माफियाओं के साथ मिलकर उनकी हत्या कराना चाहता है.यह कहकर उन्होंने अपनी ही सरकार की किरकिरी करा दी थी। कानुपर के विधायक महेष त्रिवेदी भी सोशल मीडिया पर हर दिन फोटो डाल रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने कानपुर में एक सरकारी कर्मचारी को कान पकड़ कर माफी मांगने को मजबूर कर दिया था,यह विधायक नगर आयुक्त को भी मुर्गा बनाने की बात कह चुके हैं। हद तो तब हुई, जब आजमगढ़ के मंत्री राकेश पांडेय ने मुफ्त राशन बांटने का ढोल पीटा, जबकि राशन की दुकान तो पहले से चल रही थी।कहीं मंदिरों में दर्शन, तो कहीं नुक्कड़ सभाओं में बड़े-बड़े वादे। एक विधायक तो पिछले हफ्ते हर गांव में पौधरोपण करवाने पहुंच गए, पर गांव वालों ने पूछ लिया, "साहब, पिछले पांच साल कहां थे? कानपुर की मंत्री प्रतिभा शुक्ला तो अकबरपुर कोतवाली में इंस्पेक्टर के खिलाफ धरने पर बैठ गईं, ताकि जनता को लगे वो उनके हक के लिए लड़ रही हैं। बलिया के विधायक और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जो पहले विवादों में रहे, अब अपने क्षेत्र में हर छोटे-बड़े कार्यक्रम में दिख रहे हैं। हाल ही में एक पुल के उद्घाटन की सूचना न मिलने पर वो नाराज हो गए और अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई। गौरतलब हो, बीजेपी ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन यह स्पष्ट है कि पार्टी कमजोर कड़ियों को हटाने में देर नहीं करेगी। दूसरी ओर, विपक्षी दल जैसे समाजवादी पार्टी (सपा) भी इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश में हैं। सपा ने हाल के उपचुनावों में अपने प्रदर्शन को 2027 का सेमीफाइनल मानते हुए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। बीजेपी की इस ऑडिट प्रक्रिया से उन विधायकों में बेचैनी है, जिनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा। पार्टी नेतृत्व ने संकेत दिए हैं कि केवल वही उम्मीदवार टिकट पाएंगे, जो जनता की कसौटी पर खरे उतरेंगे और जीत की संभावना को मजबूत करेंगे।खैर, 2027 का चुनाव बीजेपी के लिए चुनौतीपूर्ण होने वाला है, क्योंकि विपक्ष भी ओबीसी और अन्य सामाजिक समीकरणों को भुनाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में, विवादित और अलोकप्रिय विधायकों को हटाकर बीजेपी अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। यह प्रक्रिया न केवल पार्टी की रणनीति को दर्शाती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि यूपी की सियासत में जनता की नाराजगी अब नजरअंदाज नहीं की जा सकती।खैर, अब जनता भी अब समझने लगी है कि ये सब चुनावी जुगाड़ है। कुछ लोग तारीफ कर रहे हैं, तो कुछ मुंह चिढ़ाते हुए कहते हैं, "पांच साल बाद याद आया जनता का दुख?" फिर भी, विधायक और मंत्री कोई कसर नहीं छोड़ रहे। अब देखना ये है कि ये हथकंडे कितना रंग लाते हैं। जनता का मूड और आलाकमान का फैसला ही तय करेगा कि कौन पास होता है और कौन फेल!

जब मनुष्य माल बन जाए...

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

एक समय था, जब विज्ञापन सिर्फ़ खबर बनता था, खुद खबर नहीं बन जाता था। अखबारों के पन्नों पर वो किसी मेहमान की तरह आते थे, जिन्हें हम अपनी सुविधा से देखते या अनदेखा कर देते थे। याद है, जब कोई साबुन वाली अप्सरा मुस्कुराती थी, तो हम भी मुस्कुरा देते थे — जैसे किसी मेले में कोई नाच देख लिया हो, और फिर आगे बढ़ गए हों। टीवी पर बिस्कुट वाला बच्चा उछलता था, तो हम चैनल बदल देते थे — जैसे कोई शरारती बच्चा गलती से घर में घुस आया हो और हम उसे बाहर का रास्ता दिखा दें। विज्ञापन तब एक सूचना थी, आग्रह नहीं। वो दरवाज़े पर दस्तक देता था, भीतर घुसने की हिम्मत नहीं करता था। वो हमारा ध्यान खींचता था, लेकिन हमारी चेतना पर कब्ज़ा नहीं करता था। पर अब? अब तो विज्ञापन हमारे तकिए के नीचे सोता है, हमारे सपनों में घुस आता है। अब वो हमें नहीं देखता, हमें पढ़ता है। जैसे कोई प्रेमी अपनी प्रेमिका की डायरी चुपचाप पढ़ रहा हो, और हर एक शब्द को अपने मतलब के लिए इस्तेमाल कर रहा हो। वो हमारी आँखें बंद होने पर भी हमसे बात करता है, हमारे दिमाग में धीरे-धीरे अपनी जगह बनाता है। हम सोचते हैं कि हम सो रहे हैं, लेकिन वो हमें जगाता है, हमें बताता है कि हमें क्या चाहिए, क्या नहीं। और सबसे भयानक बात तो यह है कि हमें पता भी नहीं चलता कि वो कब हमारे दिल और दिमाग पर हावी हो गया है। वो हमें सिर्फ़ सामान नहीं बेचता, हमारी ज़रूरतों को पैदा करता है।एक बार मेरे दोस्त रमेश ने एक वेबसाइट पर जूते की तस्वीर देखी — बस देखी, खरीदी नहीं। अब वो जूता उसका पीछा कर रहा है। वो उसका प्रेमी बन गया है, जो उसे हर जगह खोजता रहता है। फेसबुक पर मुस्कुराता है, इंस्टाग्राम पर मॉडल के पाँव में चमकता है, न्यूज़ पढ़ते समय बीच में कूद पड़ता है। हर जगह वो एक ही बात कहता है, "तू मेरा है, मैं तेरा हूँ!" रमेश अब कहता है, "मुझे डर है कि कहीं मेरी शादी में भी वही जूता बाराती बनकर न आ जाए!" पहले तो हम इस बात पर हँसते थे, लेकिन अब लगता है कि यह कोई मज़ाक नहीं, बल्कि एक कड़वा सच है। यह जूता सिर्फ़ एक जूता नहीं है, यह आधुनिक विज्ञापन की प्रतीक है। यह हमें दिखाता है कि कैसे हमारे एक छोटे से क्लिक से हमारा पूरा जीवन डेटा में बदल जाता है। हमारी पसंद, नापसंद, आदतें, सब कुछ एक एल्गोरिदम का हिस्सा बन जाती हैं। पहले प्रेम का इज़हार होता था, अब जूते का इज़हार होता है। पहले प्रेमी रूठ जाते थे, अब विज्ञापन रूठ जाता है। अगर हम उसे नहीं खरीदें, तो वह हमें बार-बार अपनी याद दिलाता है। वो हमें मजबूर करता है कि हम उसे देखें, उसके बारे में सोचें, और अंत में उसे खरीद लें। यह एक तरह का भावनात्मक ब्लैकमेल है। हम एक-दूसरे के बारे में सोचते हैं, लेकिन विज्ञापन हमारे बारे में सोचता है। वो हमें सिर्फ़ एक ग्राहक नहीं मानता, बल्कि एक डेटा का टुकड़ा मानता है, जिसे बेचा जा सकता है। एक बार मेरी पत्नी ने कहा, "आज मूड थोड़ा उदास है।" मैंने मोबाइल खोला — योगा क्लास का विज्ञापन! ऐसा लगा जैसे मोबाइल कह रहा हो, "तेरे मन की बात मैं जानता हूँ, चल योग कर!" दूसरी बार रात को पीठ में दर्द हुआ — मोबाइल ने मालिश वाली कुर्सी का विज्ञापन दिखा दिया। ऐसा लगा जैसे मोबाइल ने मेरी हड्डियों की एक्स-रे निकाल ली हो। अब तो डर लगता है — कहीं मैं पत्नी से कह दूँ, "आज दाल-चावल खाने का मन है," और मोबाइल तुरंत कहे, "हमारी दाल खाओ, जवानी लौट आएगी!" यह कोई मज़ाक नहीं है, यह एक गंभीर चिंता का विषय है। हमारा हर एक शब्द, हमारी हर एक भावना, सब कुछ रिकॉर्ड हो रहा है। हम अपने मोबाइल को अपना दोस्त समझते हैं, लेकिन वो हमारा मुखबिर बन गया है। वो हमारे जीवन की हर एक छोटी-बड़ी जानकारी को रिकॉर्ड करता है और उसे विज्ञापन कंपनियों को बेचता है। यह विज्ञापन वाले हमारे अदृश्य पड़ोसी हैं, जो हमारी दीवारों के भीतर से हमें देखते हैं, हमारी बातचीत सुनते हैं, और हमारे जीवन में दखल देते हैं। वो हमारे सबसे अच्छे दोस्त और सबसे बड़े दुश्मन दोनों हैं। वो हमें बताते हैं कि हमें क्या चाहिए, लेकिन हमें यह नहीं बताते कि हम क्या खो रहे हैं। हम अपनी निजता खो रहे हैं, अपनी स्वतंत्रता खो रहे हैं, और सबसे बढ़कर अपनी इंसानियत खो रहे हैं। एक बार मैंने अपने दोस्त से फ़ोन पर कहा, "नया मोबाइल लेना है।" पाँच मिनट बाद फेसबुक पर उसी मोबाइल का विज्ञापन! मुझे लगा, जैसे मेरी बातों का कोई स्टेनोग्राफर बैठा है — जो हर शब्द नोट कर रहा है और कंपनियों को बेच रहा है। यह बात हमें चौंकाती है, लेकिन यह हकीकत है। हमारी प्राइवेसी अब एक पुरानी कहानी बन चुकी है। हम सोचते हैं कि हम स्वतंत्र हैं, लेकिन हम सिर्फ़ एक डेटा पॉइंट हैं। पहले लोग दीवारों के कान होने की बात करते थे, अब मोबाइल के कान होने की बात करते हैं। हम सोचते हैं कि हम सुरक्षित हैं, लेकिन हम सिर्फ़ एक खुली किताब हैं, जिसे कोई भी पढ़ सकता है। हमारी प्राइवेसी अब एक लक्ज़री नहीं, बल्कि एक दुर्लभ वस्तु है। हम अपने मोबाइल को अपना दोस्त समझते हैं, लेकिन वो हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है, जो हमारी हर एक छोटी-बड़ी जानकारी को रिकॉर्ड करता है और उसे बेचता है। अब हमें सड़क पर नहीं, स्क्रीन पर सावधानी बरतनी है। नहीं तो एक दिन ऐसा आएगा कि हम गिलास उठाएँगे पानी पीने के लिए, और गिलास पर लिखा होगा — "क्या आपने आज हमारा पानी पिया?" और हम कहेंगे — "हाँ," और वो कहेगा — "अब तुम हमारे ग्राहक हो!" पहले हम अपनी ज़रूरतों के हिसाब से सामान खरीदते थे, अब सामान हमें अपनी ज़रूरतों के हिसाब से खरीदता है। हम अपनी इच्छाओं के मालिक थे, अब विज्ञापन हमारी इच्छाओं का मालिक है। यह एक ऐसा जाल है, जिसमें हम फंस चुके हैं। हम सोचते हैं कि हम स्वतंत्र हैं, लेकिन हम सिर्फ़ एक ग्राहक हैं, जिसे बेचा जा सकता है, जिसे खरीदा जा सकता है। अब दो ही रास्ते हैं या तो हम इन विज्ञापनों को देखकर अपनी दिमागी शांति खो दें — और हर चीज़ को खरीदते जाएँ, जैसे कोई भूतिया बाज़ार में फँस गया हो।

सू-दोकू-135

	3		7				2	1
2				9		4		
	7		1				5	
		1		5		2		7
	5				4			
		4		1		8		5
					1			
1		5		3		9		
	2		6		5		1	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.134 का हल

8	9	5	1	6	3	2	4	7
3	2	1	9	7	4	8	6	5
4	7	6	2	5	8	3	9	1
7	6	9	5	2	1	4	3	8
1	8	3	4	9	7	6	5	2
2	5	4	8	3	6	1	7	9
5	3	8	7	4	2	9	1	6
6	1	7	3	8	9	5	2	4
9	4	2	6	1	5	7	8	3

छात्राओं ने राखी बनाकर सीआरपीएफ जवानों को बांधी, जवानों ने उनको दिया रक्षा का वचन

सुकमा, 9 अगस्त। कभी गोलियों और विस्फोटों की आवाजों से गूंजने वाला सुकमा, इस बार राखी के पवित्र धागों से महक उठा. नक्सल प्रभावित इस इलाके में जहां सामान्य दिन भी तनाव और खतरे से भरे रहते हैं, वहीं रक्षा बंधन के अवसर पर सुरक्षा बल के कैंपों में एक अनोखा नज़ारा देखने को मिला. गांव की बहनें और छात्राएं अपने हाथों से बनी राखियां लेकर जवान भाइयों की कलाई सजाने पहुंचीं.

देखिए छात्राओं ने कैसे सुरक्षाबलों के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

छलका अपनापन, कैंप पहुंची छात्राएं- सुबह-सुबह गांव की महिलाएं और बच्चियां रंग-बिरंगी राखियां, तिलक की थाली और मिठाइयों के साथ सुरक्षा बल के कैंप पर पहुंचीं. सुरक्षा में तैनात जवानों को घर और परिवार की कमी ना खले इसके लिए छात्राओं ने खुद से राखी

बनाकर उन्हें बांधी.

ये जवान दिन-रात हमारी सुरक्षा के लिए जंगलों और सुनसान रास्तों पर खतरे मोल लेते हैं. हम खून के रिश्ते से न सही, लेकिन राखी का धागा इन्हें हमारा भाई बना देता है.- छात्रा सुरभि यादव यहां के जवान हमारी रक्षा कर रहे हैं, तो हमने सोचा कि क्यों न उन्हें ही अपना भाई मान लें. ताकि इन्हें बहनों और परिवार की कमी महसूस न हो. राखी बांधकर हमें भी बेहद खुशी हो रही है- माया दास, छात्रा अंदरूनी गांवों से आने वाली छात्राओं ने अपने हाथों से राखियां बनाई हैं. न केवल सुकमा के जवानों के लिए, बल्कि देश की सरहदों पर तैनात सैनिकों के लिए भी इन्हें भेजा गया है- भारती दुबे, स्वामी आत्मानंद विद्यालय की व्याख्याता

जवानों ने भी दिया वचन- राखी बांधने के बाद जवानों ने भी कहा कि, वैसे तो परिवार की कमी खलती है लेकिन छात्राओं से मिलकर लगा कि ये अपनी ही बहनें हैं. जवानों कहा कि, छत्राक्र वैसे भी सुरक्षा के लिए तत्पर रहती है. हम वचन देते हैं इन इलाकों की सुरक्षा के लिए जो हो सकता है वो करेंगे। ड्यूटी के कारण कई सालों से घर जाकर राखी नहीं बंधवा पाया था. यहां बहनों ने जो प्यार और सम्मान दिया, वह हमेशा याद रहेगा. हम हमेशा इस क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा के लिए तत्पर रहेंगे.- इंस्पेक्टर कमलेश कुमार मीणा 74वीं वाहिनी हम भले अपने परिवार से दूर हैं, लेकिन इन बहनों के स्नेह ने हमें अपनेपन का अहसास कराया. इस राखी के धागे में हमें अपनी जिम्मेदारी और भी गहरी महसूस होती है.- महेंद्र सिंह बिष्ट, इंस्पेक्टर रक्षा बंधन हमें याद दिलाता है कि हमारा रिश्ता सिर्फ वर्दी और ड्यूटी का नहीं है, बल्कि यह भावनाओं का भी है. यहां के लोग हमें जो अपनापन देते हैं, वही हमें कठिन परिस्थितियों में भी मजबूत बनाए रखता है- हिमांशु पांडे, 74वीं वाहिनी के कमांडेंट नक्सल प्रभावित इलाकों में ऐसे आयोजन का खास महत्व है. जहां एक ओर सुरक्षा बल लगातार खतरों, घने जंगलों और असमान रास्तों का सामना करते हैं, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोग उनके साथ भावनात्मक जुड़ाव बनाते हैं. यह भरोसा और अपनापन ही वह पुल है, जो डर और अविश्वास के बीच की दूरी को कम करता है।

भारतीय मजदूर संघ ने गृहमंत्री का किया स्वागत

किरंदुल,9 अगस्त। औधोगिक नगर से विश्व की सबसे बड़ी ट्रेड यूनियन भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल एवं बचेली के पदाधिकारी एवं सदस्य, छत्तीसगढ़ के यशस्वी उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के दंतेवाड़ा आगमन पर स्थानीय सर्किट हाउस में आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर संगठनात्मक मुद्दों पर सौजन्य भेंट एवं परिचर्चा आयोजित की गई।बैठक में खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, सचिव महेंद्र कुमार, राजेंद्र यादव, दानेश्वर जोशी तथा बचेली शाखा के अमित मिश्रा और अमित देवांगन ने श्रम संघ के विस्तारीकरण, सशक्तिकरण एवं श्रमिक कल्याण पर सकारात्मक विचार-विमर्श किया।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राष्ट्रहित, उद्योगहित एवं श्रमिक हित को संघ के मूल उद्देश्य के रूप में सराहा और कहा कि श्रमिक वर्ग के हित में हर संभव सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

एक नजर

मवेशियों का अवैध रूप से परिवहन करने के मामले ने पुलिस ने 3 को किया गिरफ्तार

सुकमा,9 अगस्त। मुखबिर से सूचना मिली कि एक छोटा हाथी वाहन में कुछ लोग मवेशियों को भरकर ले जा रहे हैं। की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए ग्राम घोटिया मेन रोड ढाबा के आगे नाकाबंदी किया गया तथा इस दौरान छोटा हाथी पकड़ा गया। इस दौरान वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में 3 लोग बैठे मिले तथा वाहन के पीछे मवेशियों को बिना दाना पानी एवं चकरा के तिरपाल में चारों तरफ से बंदकर ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। वाहन में दो नग गाय, दो नग बछिया भरा गया था।मवेशियों को अवैध रूप से ले जाने के संबंध में आरोपियों से पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपियों द्वारा इस संबंध में किसी प्रकार की भी जानकारी नहीं दिया गया। इस दौरान संपूर्ण प्रकरण में आरोपियों से 02 नग बछिया, 02 नग गाय, एक छोटा हाथी वाहन एवं 02 नग मोबाइल सहित कुल ?1,60,000 कीमत मूल्य का सामान बरामद किया गया है। की प्रकरण में थाना पलारी में अपराध क्र. 280/2025 धारा 4,6,10,11 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 11घ के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर तीनों आरोपियों को आज दिनांक 08.08.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

संयुक्त टीम ने किया कृषि सेवा केन्द्रों का निरीक्षण,9 केंद्रों क़ो नोटिस जारी

बलौदाबाजार,9 अगस्त। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कृषि विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त दल द्वारा लगातार कृषि सेवा केन्द्रों की छानबीन की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 9 केंद्रों क़ो कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। पलारी एसडीम दीपक निकुंज एवं उर्वरक निरीक्षक सुचिन कुमार वर्मा ने भगत कृषि सेवा केंद्र संडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में स्त्रोत प्रमाण पत्र संधारण नहीं किया गया था तथा किसानों को बिल भी नहीं दिया जा रहा था इस कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कसडोल एसडीएम राम रतन दुबे एवं कीटनाशक निरीक्षक धनेश्वर के द्वारा कसडोल में संचालित आचार्य कृषि सेवा केंद्र, कुशवाहा कृषि सेवा केंद्र, जोगी कृषि केंद्र तथा गोपाल बीज भण्डार का निरिक्षण किया गया।स्तोत्र प्रमाण पत्र संधारण नही करने तथा कालातीत दवाइयों का उचित रख रखाव नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह सिमगा निरीक्षक जयइन्द्र कंवर ने विकासखण्ड सिमगा के ग्राम मोहरा में संचालित वर्मा ट्रेडर्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में स्त्रोत प्रमाण का संधारण नहीं पाया गया तथा कृषको को बिल नहीं दिया जा रहा था साथ ही उर्वरक भण्डारण वितरण की जानकारी भी विभाग को प्रेषित नहीं की जा रही थी। इस पर उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। ग्राम हथबंद में संचालित वर्मा ट्रेडर्स, देवांगन ट्रेडर्स एवं सौरभ कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया।स्त्रोत प्रमाण पत्र का संधारण नहीं करने तथा कृषकों क़ो बिल नहीं दिया जा रहा था जिस पर तीनो केंद्रों क़ो कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

ओबीसी समाज ने मनाया ओबीसी सामाजिक न्याय दिवस

भखारा, 9 अगस्त। अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ से संबंध ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक एडवोकेट शत्रुघ्न सिंह साहू के दिशा-निर्देश में संगठन ने 7 अगस्त दिन - गुरुवार को ओबीसी सामाजिक न्याय दिवस ग्राम-मरौद में मनाया गया।बता दें कि लंबे संघर्ष के बाद 7 अगस्त 1990 को देश के आठवें प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने अपने वादे के मुताबिक सत्ता में आते ही मंडल आयोग के प्रथम अनुशंसा की।जिसमें कहा गया था कि ओबीसी वर्ग को सार्वजनिक एवं निजी उपक्रमों में 27त्न आरक्षण दिया जाएगा विश्वनाथ प्रताप सिंह ने अपने किये वादा को पूर्ण किया और 7 अगस्त 1990 को उस पर अपना हस्ताक्षर किए जिसे कानूनी रूप 16 नवंबर 1992 को मिला। 7 अगस्त वास्तविक तौर पर ओबीसी समाज के लिए ओबीसी सामाजिक न्याय दिवस ही है लेकिन शासक जातियों के भेदभाव के चलते दक्षिण भारत को छोड़कर उत्तर भारत के राज्यों में किसी आज भी लागू नहीं हो पाया है हम देखते हैं कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में आज भी ओबीसी वर्ग को 27त्न तक आरक्षण न मिलकर केवल और केवल 14त्न ही मिल रहा है वह भी कागजों में ही है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता टिकेश्वर साहू ने कहा कि ओबीसी समाज को उनका हक अधिकार न मिल सके इसके लिए शासक वर्गों ने 1990 में ही निजीकरण,उदारीकरण और वैश्वीकरण की नीति को जन्म दिया जिसके चलते आज भी ओबीसी वर्ग के बच्चे बेरोजगार से पीड़ित है। संगठन ने 24 जून 2021 से संकल्पित होकर ओबीसी समाज के विभिन्न जातियों को सामाजिक सांस्कृतिक एवं राजनीतिक दृष्टिकोण से प्रशिक्षित करने जगह-जगह कैडर कैंप लगाकर लोगों को जोड़ने का काम कर रही है पिछले 5 सालों में इस संगठन का अच्छा प्रतिसाद मिला हुआ है।ओबीसी समाज संगठन को समय संसाधन देकर सपोर्ट कर रही है।ओबीसी संयोजन समिति की आयोजन में प्रदेशाध्यक्ष साहू,भानु साहू,कमलेश साहू,भोज प्रकाश साहू,किशनलाल साहू कार्यकम में शामिल रहे।

जगरगुण्डा एरिया कमेटी के 2 नक्सली गिरफ्तार

सुकमा, 9 अगस्त। गिरफ्तार दोनों नक्सली दिनांक 19.06.2025 को ग्राम तीमापुरम के ग्रामीण मुचाकी हितेष को पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर अपहरण कर हत्या करने की नीयत से लाठी/डण्डे से मार-पीट कर गला दबाया जाना एवं मृत समझ कर अधमरा छोड़कर जंगल की ओर भाग जाने के घटना में शामिल रहे है।दोनों गिरफ्तार नक्सलियों के विरूद्ध घटना के संबंध में थाना चिंतलनार में पूर्व से संगीन मामले के प्रकरण पंजीबद्ध है। उक्त प्रकरण में संलिप्त अब-तक 04 नक्सलियों को किया जा चुका है गिरफ्तारी तथा षेष फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार दोनों नक्सली थाना चिंतलनार क्षेत्र के ग्राम तिम्मापुरम के है निवासी। नक्सलियों को गिरफ्तार करने में थाना चिंतलनार पुलिस बल एवं कैम्प पुलनपाड़ 223 वाहिनी

सीआरपीएफ की रही है संयुक्त कार्यवाही ।जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में मुखबिर के आसूचना पर दिनांक 07.08.2025 को थाना चिंतलनार से उनि. विमल वट्टी थाना प्रभारी चिंतलनार के हमराह जिला बल का बल एवं कैम्प पुलनपाड़ से एसी. अमन अभिषेक कुमार के हमराह 223 वाहिनी सीआरपीएफ बल की संयुक्त पार्टी केसो ड्यूटी एवं नक्सल आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु ग्राम तिम्मापुरम व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम तिम्मापुरम की घेराबंदी कर थाना चिंतलनार के प्रकरण में फरार चल रहे जगरगुण्डा एरिया कमेटी के सक्रिय 02 नक्सलियों जो क्रमशः (1) हेमला देवा पिता भीमा (मिलिशिया सदस्य) उम्र 40 वर्ष जाति मुरिया निवासी तिम्मापुरम जिला सुकमा (छ0ग0), (2) मड़कम नंगा पिता बण्डी (मिलिशिया सदस्य) उम्र 40 वर्ष जाति मुरिया निवासी ग्राम तिम्मापुरम थाना चिंतलनार जिला सुकमा (छ0ग0) को पकड़ा गया। पकड़े गये दोनों नक्सली थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 19.06.2025 को ग्राम तिम्मापुरम के ग्रामीण मुचाकी हितेष को पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या करने की नीयत से लाठी/डण्डे से मार-पीट करना एवं रस्सी से गला घोंटा गया। ग्रामीण मुचाकी हितेश को मृत समझ कर अधमरा छोड़कर कर जंगल की ओर भाग जाने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहे है। घटना के संबंध में थाना चिंतलनार में अपराध क्रमांक 06/2025 धारा 109, 190, 191, 140, 391 भारतीय न्याय संहिता, 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है। उपरोक्त घटना में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को दिनांक 07.08.2025 को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सुकमा के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड के लिये पेष किया गया।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त करवाई की जा रही

बलौदाबाजार,9 अगस्त। यातायात पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं। सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 07.08.2025 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है।

यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 19 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?5700 समन शुल्क वसूला गया है। हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 25 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 12,500 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 07.08.2025 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 97 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 35,600 समन शुल्क वसूल किया गया है ।

टीबी रोग को हराकर रंजिता वेट्टी हुई पूर्ण स्वस्थ

सुकमा,,9 अगस्त। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा सीएमएचओ डॉ एसएस सिंह के मार्गदर्शन में टीबी रोग को जड़ से मिटाने के लिए जिले में अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और टीबी के संभावित लक्षण मिलने पर तत्काल जांच और इलाज प्रारम्भ किया जा रहा है।

रंजिता वेट्टी पिता बुधरा 9 वर्षीय बालिका छिंदगढ़ विकासखंड के रानीबहाल पंचायत की निवासी हैं। टीबी जैसी जानलेवा बीमारी से अपने पिता को खोने के बाद इस बीमारी से संक्रमित बेटी रंजिता वेट्टी ने जिला अस्पताल में अपना इलाज प्रारंभ कराया। इलाज के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की निगरानी में 6 माह तक दवा का नियमित सेवन किया। दवा के साथ साथ उन्हें हाई प्रोटीन डाइट भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रदान किया गया। जिसकी बदौलत उन्होंने टीबी जैसी जानलेवा बीमारी से निजात पाई। पहले उसका वजन 14 किलोग्राम था और पूर्ण स्वस्थ होने के उपरांत वजन बढ़कर 20 किलोग्राम हो गया है। अब वह नियमित रूप से स्कूल जाने लगी है। आज वह संपूर्ण रूप से स्वस्थ और निरोगी हो चुकी हैं। सही समय में बेहतर इलाज के लिए उन्होंने शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

यह मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है लेकिन मस्तिष्क, गुर्दे और हड्डियों जैसे शरीर के अन्य अंगों में भी फैल सकता है। टीबी संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने पर हवा में मौजूद बूंदों के माध्यम से फैलता है। हालाँकि इसे रोका जा सकता है और इसका इलाज किया जा सकता है, लेकिन टीबी दुनिया भर में एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है। टीबी रोग से ग्रसित मरीज कमजोर हो जाता है एवं इलाज नहीं करवाने की स्थिति मे मरीज की मौत भी हो सकती है। टीबी का प्रमुख लक्षण एक सप्ताह से ज्यादा खांसी, भूख का ना लगना, चढ़ता उतरता बुखार वजन का कम होना, गले में गांठ का होना है। यदि किसी व्यक्ति को यह लक्षण दिखे तो अपने बलगम की जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अवश्य करायें। जो बिल्कुल निःशुल्क उपलब्ध है। केंद्र सरकार ने इस बीमारी को अभियान चलाकर 2025 तक उन्मूलन करने का संकल्प लिया है। जिला पीपीएम समन्वयक टीबी श्री नवीन पाठक ने बताया कि सुकमा जिले मे वर्ष 2025 मे टीबी मरीजों के जांच का लक्ष्य 7658 में से जुलाई 2025 तक 5563 लोगों के बलगम का जांच अत्याधुनिक मशीन ट्रूनेट एवं सीबीनेट द्वारा किया गया है जो लक्ष्य का 120त्न है।

अंतरसदन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अभिसदन को मिला प्रथम स्थान

किरंदुल, 9 अगस्त। डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल में दिनांक 31/7/ 25 को पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत विभिन्न सदनों के मध्य वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के लिए अंतर सदन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति एवं त्वरित निर्णय क्षमता का विकास करना था ।कार्यक्रम का संचालन सी सी ए प्रभारी श्री मृणाल कांति देघारिया एवं कंप्यूटर शिक्षक चंद्रशेखर वर्मा ने किया । प्रतियोगिता में चारों सदनों अग्नि, वायु ,आकाश और पृथ्वी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं अपनी ज्ञान क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया । विजेता टीम अग्नि सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान वायु सदन एवं आकाश सदन तृतीय स्थान प्राप्त किया ।विद्यालय के प्राचार्य श्री एस के श्रीवास्तव जी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया एवं बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने भविष्य में इस प्रकार के ज्ञान वर्धक प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

उत्कृष्ट करने वाली महिला कमांडो का जिला सम्मेलन में किया सम्मान

बलौदाबाजार,9 अगस्त। नगर भवन बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में महिला कमांडो जिला स्तरीय सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न ग्रामों में गठित महिला कमांडो की महिलाएं सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुई। जिले के विभिन्न ग्रामों में शांति व्यवस्था बनाए रखना, असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर कार्यवाही करने एवं मुख्य रूप से ग्रामों में अवैध रूप से शराब बिक्री को रोकने हेतु महिला कमांडो का गठन किया गया है, जिसमें ग्राम की महिलाएं लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ एवं पहचान करने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। महिला कमांडो की सहायता से विभिन्न ग्रामों में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों कि धरपकड़ की जा रही है। इसी तारतम्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले

महिला कमांडो का सम्मान करने एवं समस्त महिला कमांडो का उत्साह वर्धन करने हेतु महिला कमांडो जिला स्तरीय सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि एक सभ्य एवं स्वच्छ समाज की स्थापना में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। आज ग्रामों की महिलाएं महिला कमांडो के रूप में कदम से कदम मिलाकर अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं ग्रामों में अवैध रुप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ में भी अपनी महती भूमिका निभा रही है। इसके साथ-साथ महिला कमांडो द्वारा लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से भी लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह से हम सभी कार्य करते रहें तो ग्राम का परिवेश भी निश्चित रूप से बदलेगा। आप सभी को निरंतर प्रयास करना पड़ेगा। यदि ग्राम, घर में नशे का माहौल रहेगा तो इसका असर हमारे बच्चों पर एवं आने वाली पीढी पर भी रहेगा इसलिए आप सभी ग्राम स्तर में आयोजित सामाजिक कार्यक्रमों में भी नशा मुक्ति को प्रमुखता से रखें। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, समाज शिक्षा संगठन एवं मनोविकास केंद्र के अधिकारियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस दौरान अत्यंत उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय कार्य करने वाले महिला कमांडो को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं साथ ही ग्राम भ्रमण एवं गस्त करने के लिए लाठी एवं विसिल भी प्रदान किया गया है। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, श्री हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा, सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय उप पुलिस अधीक्षक अजाक, श्री तारेश साहू एसडीओपी भाटापारा, श्रीमती सी. तिर्की उप पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्री कौशल किशोर वासनिक उप पुलिस अधीक्षक कैंप कसडोल द्वारा किया गया।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत स्कूल प्रांगण बया में लगाए पौधे

बलौदाबाजार, 9 अगस्त। वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में गुरुवार क़ो वन परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बया के प्रांगण में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत वनमहोत्सव का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार प्रजातियों के कुल 50 पौधों का रोपण किया गया।कार्यक्रम में वर्तमान स्थिति पर विचार साझा करते हुए वृक्षारोपण जैसे प्रयासों की महत्ता पर बल दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एक पेड़ माँ के नाम पहल के माध्यम से वृक्षों के प्रति भावनात्मक जुड़ाव और संरक्षण की प्रेरणा दी गई।वनमहोत्सव के इस आयोजन के माध्यम से न केवल हरियाली बढ़ाने की दिशा में कदम उठाया गया बल्कि भावी पीढ़ी को प्रकृति के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत कसडोल के उपाध्यक्ष देवानंद नायक,सरपंच, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, आस-पास के ग्रामीणजन, विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं तथा वन परिक्षेत्र देवपुर के समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण एवं सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे।

छात्रा की कुएं में गिरकर मौत

बीजापुर,9 अगस्त। रक्षाबंधन की छुट्टी में घर जा रही आदर्श कन्या आश्रम इतामपार की चौथी कक्षा की छात्रा लक्ष्मी पुनेम (12) की शनिवार सुबह कुएं में गिरकर मौत हो गई। मृतका इंद्रावती नदी के उस पार माड़ क्षेत्र के ग्राम मरामेटा की निवासी थी।

मिली जानकारी के अनुसार रक्षाबंधन की छुट्टी पर घर लौटने और घर नक्सल प्रभावित इलाके में होने के कारण शुक्रवार दोपहर छात्रा अपनी सहेली के साथ आश्रम के समीप स्थित इचामीपारा में रिश्तेदार के यहां रात में रुकी थी। शनिवार सुबह नहाने के लिए कुएं से पानी भरते समय पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में डूब गई। खेत में स्थित कुआं गहरा होने और पानी भरा रहने के कारण वह बाहर नहीं निकल पाई और साथ में मौजूद सहेली ने शोर मचाया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।सूचना पर पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घंटों की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। शव के पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंपा जाएगा।ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि छात्रा को हॉस्टल से अपने परिजनों के बगैर ही छुट्टी देना और उसे बिना सुरक्षित प्रबंध के भेजना घोर लापरवाही है। विभागीय अधिकारी न केवल सुरक्षा नियमों का पालन कराने में नाकाम हैं।

गौरतलब है कि बीते चार दिनों में जिले में यह दूसरी बड़ी दुखद घटना है। इससे पहले आश्रम से घर लौटते समय चेरपाल में दो छात्रों को सांप ने काट लिया था, जिसमें समीर की मौत हो चुकी है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इस दौरान विधायक विक्रम मंडावी भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा की ÷आश्रम पोटाकेबिनों में आदिवासी छात्र-छात्राओं की मौतें लगातार हो रही हैं। दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने से लापरवाही बढ़ रही है। सरकार और प्रशासन इन मौतों को रोकने में नाकाम हैं, अब ठोस कदम उठाना जरूरी है गौरतलब है कि बीते चार दिनों में जिले में यह दूसरी बड़ी दुखद घटना है। इससे पहले आश्रम से घर लौटते समय चेरपाल में दो छात्रों को सांप ने काट लिया था, जिसमें छात्र समीर की मौत हो गई थी। लगातार हो रही इन घटनाओं ने आश्रम और पोटाकेबिन प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दो युवकों की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 9 अगस्त। भिलाई में डबल मर्डर की घटना से सनसनी फैल गई है. शुक्रवार रात नेवई के दशहरा भाठा में दो युवकों की हत्या हो गई. एक युवक ने हत्या की इन घटनाओं को अंजाम दिया. यह घटना दो-तीन दिन पहले हुए एक मामूली विवाद का नतीजा है, जिसमें दो युवको का झगड़ा आरोपी के पिता से हुआ था. इस डबल मर्डर से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है आपसी विवाद में दो युवकों की हत्या शुक्रवार रात नेवई थाना अंतर्गत दशहरा भाठा में 21 वर्षीय आरोपी निखिल ने चाकू से हमला कर दो युवकों की हत्या कर दी. मृतकों की पहचान चिंतामणि (21 साल) और गौरव कोसरिया (22 साल) के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक, वारदात की जड़ दो-तीन दिन पहले हुई एक मामूली कहासुनी है. मृतकों का विवाद आरोपी के पिता से हुआ था, जिससे आक्रोशित निखिल ने यह कदम उठाया. घटना के दौरान चिंतामणि की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल गौरव कोसरिया को तुरंत अस्पताल ले जाया गया. जहां इलाज के दौरान गौरव ने भी दम तोड़ दिया भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि बीती रात आपसी विवाद को लेकर आरोपी निखिल ने अपने हमउम्र के दो युवकों की चाकू से हमला किया, जिससे दोनों की मौत हो गई मामले में आरोपी को सुपेला से गिरफ्तार किया गया है आरोपी निखिल के पिता के साथ दोनों युवकों का विवाद हुआ था।

जल-जंगल-यात्रा में विद्यार्थियों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

बलौदाबाजार, 9 अगस्त।बलौदाबाजार वनमण्डल के वन परिक्षेत्र अर्जुनी में गुरुवार क़ो जल-जंगल-यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल सोनाखान के विद्यार्थियों को वनों के महत्व, लघु वनोपज, औषधीय पौधों की जानकारी तथा जल संरक्षण हेतु नालों से निकले जल को स्टॉप डेम द्वारा एकत्र कर सिंचाई में उपयोग की तकनीक की जानकारी दी गई।इस दौरान विद्यार्थियों को वनों तथा वन्यप्राणियों के संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को वन विभाग में करियर के अवसरों तथा पर्यावरणीय उत्तरदायित्वों के बारे में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।सभी विद्यार्थियों को इस नई पहल जल-जंगल-यात्रा में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री के.आर. पटेल वन प्रबंधन समिति अर्जुनी के अध्यक्ष सदस्य श्री अमृत सिंह ठाकुर,प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, डब्बू साहू, सुश्री रूपेश्वरी दीवान, सुश्री मीनाक्षी साहू एवं विभाग के सुरक्षा श्रमिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

एक नजर

धमतरी जिले के कुरूद में वित्तीय समावेशन शिविर का सफल आयोजन

धमतरी, 9 अगस्त । भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन अभियान के अंतर्गत कुरूद विकासखंड के डांडेसरा ग्राम पंचायत में 08 अगस्त को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन बैंक ऑफ बड़ौदा, कुरूद शाखा द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के सभी प्रमुख बैंकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस विशेष शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना एवं पात्र खातों का पुनःचङ्घष्ट करना रहा। शिविर के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक, रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय की क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती रीनी अजित द्वारा शिविर का दौरा किया गया। उन्होंने शिविर की गतिविधियों की समीक्षा की तथा बैंक अधिकारियों एवं लाभार्थियों से संवाद कर वित्तीय समावेशन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की श्रीमती रीनी अजित ने खाताधारकों से अपील की कि वे समय रहते प्रक्रिया पूर्ण करें जिससे उनके खाते सक्रिय बने रहें। साथ ही उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों के आयोजन की पूर्व सूचना ग्रामवासियों तक पहुँचाने के लिए प्रभावी प्रयास करें। शिविर के दौरान लाभार्थियों को भारतीय रिज़र्व बैंक की एकीकृत ऑम्बड्समैन योजना 2021, निष्क्रिय खाते पुनः सक्रिय करने की प्रक्रिया, डिजिटल बैंकिंग में सावधानी, तथा डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री इंद्रकुमार टिलवानी बताया इस शिविर में कुल 240 खातों का सफलतापूर्वक पुनः-चङ्घष्ट किया गया, जो कि अभियान की सफलता की दिशा में एक सराहनीय उपलब्धि है।

शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने पालक-शिक्षक मेगा बैठक का सफल आयोजन

धमतरी, 9 अगस्त। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार आज धमतरी जिले के 168 शासकीय विद्यालयों में एक साथ पालक-शिक्षक मेगा बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य पालकों को विद्यालय से जोड़ते हुए बच्चों के शैक्षणिक, मानसिक और सामाजिक विकास में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्री में आयोजित बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, श्रीमती रोमा श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में पालक भी शामिल हुए। सीईओ श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय की पहचान केवल उसकी भौतिक संरचना से नहीं, बल्कि वहां की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और छात्रों के प्रदर्शन से होती है। उन्होंने कहा कि पालक-शिक्षक बैठक न केवल बच्चों की शैक्षणिक स्थिति को समझने का माध्यम है, बल्कि उनके व्यवहार और अन्य गतिविधियों की जानकारी लेकर उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देने का भी अवसर है।उन्होंने छात्रों को महापुरुषों की जीवनी पर आधारित पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इससे उन्हें जीवन में संघर्ष और सफलता की प्रेरणा मिलेगी। विशेष रूप से कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह समय उनके भविष्य की दिशा तय करने वाला है, अतः गंभीरता से अध्ययन करें। सीईओ ने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे बच्चों की रुचि के अनुरूप उन्हें आगे बढ़ने में सहयोग करें और पढ़ाई के साथ-साथ खेल, कला और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें।शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने सप्ताह में एक दिन स्वच्छता, किचन गार्डन और सामूहिक गतिविधियों पर आधारित विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

पद्म पुरस्कार-2026 के नामांकन की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक बढ़ाई गई

धमतरी, 9 अगस्त । भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष पद्म पुरस्कार प्रदान किया जाता है। पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 अगस्त 2025 कर दी गई है। प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) पर ऑनलाइन प्राप्त की जायेगी। पद्म पुरस्कार अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार विशिष्ट कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए दिया जाता है और कला साहित्य तथा शिक्षा खेल, चिकित्सा सामाजिक कार्य विज्ञान और इजीनियरिंग, लोक मामले सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों-विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/ सेवाओं के लिए दिया जाता है। जाति व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र है। डॉक्टरों और वैज्ञानिको को छोड़कर, सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कारों के लिए पात्र नहीं है। खेल अधिकारी ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे स्व-नामांकन सहित नामांकन, सिफारिशें करें। महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और जनजातियों, दिव्यांगजनों में से ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों की पहचान करने के लिए ठोस प्रयास किए जा सकते हैं।

नव्या योजना के तहत युवाओं को मिलेगा निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

महासमुंद 9 अगस्त । प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से नव्या योजना शुरू की गई है। इस योजना का लक्ष्य देश में कौशल विकास को बढ़ावा देना और युवाओं को विभिन्न उद्योगों में रोजगार के अवसर दिलाना है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने बदली किस्मत,रानीसागर के लक्ष्मीकांत बने ऊर्जा उत्पादक

रायगढ़, 9 अगस्त। रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम रानीसागर निवासी लक्ष्मीकांत पटेल ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाकर न केवल अपने घर की बिजली जरूरतें पूरी की, बल्कि बिजली उत्पादक बनकर गाँव में प्रेरणा का स्त्रोत भी बन गए हैं। लक्ष्मीकांत पटेल के परिवार में 6 सदस्य हैं और उनके घर में घरेलू उपकरणों के साथ-साथ 3 कूलर भी हैं। पहले उनके घर का औसत बिजली बिल प्रतिमाह 800 से 920 रुपये आता था। लेकिन मार्च 2025 में उन्होंने 3 किलोवॉट क्षमता का रूफटॉप सोलर पैनल लगवाया, जिसके बाद उनका बिजली बिल घटकर 370 रुपये प्रतिमाह रह गया।तीन महीनों में उनके सोलर प्लांट ने 780 यूनिट बिजली का उत्पादन किया, जिसमें से उन्होंने 530 यूनिट बिजली का उपयोग स्वयं किया और 250 यूनिट अतिरिक्त बिजली विद्युत विभाग को बेच दी। इसके बदले विद्युत विभाग ने उनके बिजली खाते में 1020 रुपये की राशि जमा की, जो उनके आगामी बिलों में समायोजित की जाएगी।

योजना से मिली आर्थिक राहत

इस सोलर प्लांट की कुल लागत में से लक्ष्मीकांत को केवल 10,000 रुपये अपनी जेब से देने पड़े। शेष राशि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर फाइनेंस हो गई। केंद्र सरकार की सब्सिडी मिलने के बाद उनकी मासिक ईएमआई बिजली बिल के आधे से भी कम हो गई है। लक्ष्मीकांत पटेल का मानना है कि यह योजना लंबी अवधि में आम लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आम आदमी के बजट को भी सुदृढ़ करती है। अब गाँव के अन्य लोग भी इस योजना से जुडने के लिए उत्साहित हो रहे हैं।

लंबित राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य को मिशन मोड में पूर्ण करें:कलेक्टर

रायगढ़, 9 अगस्त। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने भू-अर्जन, अवैध निर्माण, पीडीएस अनियमितता, फार्मर रजिस्ट्री, गिरदावरी सहित राजस्व से जुड़े सभी प्रमुख बिंदुओं पर अधिकारियों से चर्चा की और स्पष्ट निर्देश दिए। कलेक्टर ने भू-अर्जन अधिनियम के अंतर्गत रायगढ़, खरसिया, लैलूंगा, घरघोड़ा एवं धर्मजयगढ़ अनुविभाग की विभिन्न परियोजनाओं में अवार्ड पारित और राशि वितरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर अवैध निर्माण हुए हैं या हो रहे हैं, वहां नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आवश्यकता पडने पर पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया जाए और नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

भू-अर्जन रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण और पीडीएस गड़बड़ी पर कड़ा रुख

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि भू-अर्जन के सभी रिकॉर्ड को विधिवत दुरुस्त कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने शासकीय उचित मूल्य दुकानों के भौतिक सत्यापन में पाई गई खाद्यान्न की कमी की वसूली और लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शासन को किसी भी प्रकार की क्षति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य मिशन मोड में पूर्ण करने पर जोर दिया, ताकि किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय में कोई परेशानी न हो। उन्होंने खरीफ सर्वे के लिए सर्वेयर चयन एवं सर्वे प्लान शीघ्र तैयार करने और गिरदावरी कार्य की समीक्षा करते हुए पटवारियों को फील्ड में भेजकर खसरा एवं फसल का मिलान समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

बैठक में ई-कोर्ट, नामांतरण, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन आदि के निराकरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने ई-कोर्ट प्रकरणों का समयबद्ध निपटारा के निर्देश दिए।

भूतपूर्व सैनिकों को दी गई विधिक जानकारी

नालसा वीर परिवार सहायता योजना के तहत विधिक सहायता क्लीनिक का शुभारंभ

रायगढ़, 9 अगस्त। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के दिशा-निर्देशानुसार कार्यालय जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, जिला रायगढ़ में श्री जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के द्वारा नालसा वीर परिवार सहायता योजना, 2025 के तहत विधिक सहायता क्लीनिक की स्थापना एवं शुभारम्भ किया गया।अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों को नालसा वीर परिवार योजना 2025 के बारे में अवगत कराया तथा उन्हें नालसा के स्कीम के तहत प्राप्त होने वाले निःशुल्क विधिक सेवा एवं सहायता के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में श्री देवेन्द्र साहू, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसटीएससी (पाक्सो) रायगढ़, श्रीमती अंकिता मुदलियार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़, सुबेदार मेजर श्री बालकिशन राम, कल्याण संयोजक जिला सैनिक कल्याण बोर्ड रायगढ़, सुबेदार अनिल कुमार, अधीक्षक जिला सैनिक कल्याण बोर्ड रायगढ़, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के डिफेंस कौंसिलगण, जिला रायगढ़ के भूतपूर्व सैनिकगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के पैरालीगल वॉलिंटियर उपस्थित हुए।

वॉक-इन इंटरव्यू की मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची हुई जारी

रायगढ़, 9 अगस्त। जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, रायगढ़ द्वारा विभिन्न कोर्सों के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु अस्थायी प्रशिक्षकों की भर्ती के लिए 29 जुलाई 2025 को आयोजित वॉक-इन इंटरव्यू की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इस संबंध में अभ्यर्थियों की पात्र/अपात्र सूची, मेरिट सूची, चयनित अभ्यर्थियों की सूची तथा प्रतीक्षा सूची को जिले की आधिकारिक वेबसाइट एवं कार्यालयीन सूचना पटल पर अपलोड कर दिया गया है।

इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित जानकारी का अवलोकन जिला कार्यालय के सूचना पटल पर या जिले की वेबसाइट के माध्यम से कर सकते हैं।

भाजपा राज में ऋण पुस्तिका के लिए किसान,आमजन परेशान:विनोद चंद्राकर

महासमुंद,9 अगस्त। पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा राज में प्रदेश के किसानों व आम नागरिकों को ऋण पुस्तिका के लिए भटकना पड़ रहा है। एक तरफ मंच व आम सभाओं में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कहते हैं कि अब जमीन की रजिस्ट्री के साथ ही एक घंटे में नामांतरण हो जाएगा। वहीं, दूसरी ओर जमीन खरीददारों को ऋण पुस्तिका के लिए तहसील दफ्तर का चक्कर लगाने मजबूर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री का कहना है कि भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी खत्म करने उनकी सरकार जमीन रजिस्ट्री के साथ ही तत्काल नामांतरण सुविधा प्रदान कर रही है। उप पंजीयक के माध्यम से यह कार्य होंगे। इसमें तहसील दफ्तर की भूमिका समाप्त कर दी गई है, लेकिन ऋण पुस्तिका के लिए जमीन खरीदने वालों को तहसील में आवेदन देने की बात कही जा रही है। वहीं, तहसील में आवेदकों को ऋण पुस्तिका नहीं होने की बात कहकर महीनों से घुमाया जा रहा है। इसके अलावा दलालों के माध्यम से बड़ी रकम लेकर तत्काल ऋण पुस्तिका भी बनाया जा रहा है। यह स्थिति पूरे प्रदेश में व्याप्त है।

चंद्राकर ने कहा कि साय सरकार ने इसी साल जून में नया नियम बनाया, जिसमें जमीन की रजिस्ट्री के बाद स्वतः नामांतरण होने का उल्लेख है। रजिस्ट्री के बाद जमीन खरीदार के नाम भी चढ़ रहा है, लेकिन जमीन की ऋण पुस्तिका के लिए खरीदारों को पहले पटवारी और उसके बाद तहसील कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। तहसीलदारों ने पटवारियों को शासन के स्पष्ट गाइड लाइन नहीं होने का हवाला देते हुए नई ऋण पुस्तिका के लिए तहसील कार्यालय में आवेदन देना अनिवार्य कर दिया है। यह तो बहाना है, इसके पीछे की मंशा साफ है कि खरीदार आवेदन के बहाने दरबार में हाजिरी लगाए, चढ़ावा चढ़ाए फिर काम होगा।चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार जनता के सामने पाक साफ होने का या तो दिखावा कर रही है। या फिर सरकार का प्रशासन पर अंकुश नहीं है। जिससे अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। महासमुंद, बागबाहरा सहित जिले के समस्त तहसीलों में खरीदारों को जमीन रजिस्ट्री के बाद जमीन की ऋण पुस्तिका नहीं दिया जा रहा। ऋण पुस्तिका के लिए अकेले महासमुंद तहसील में ही 2 हजार से अधिक आवेदन पेंडिंग है। इसके अलावा जिले के अन्य तहसीलों की ओर देखे तो आंकड़े 10 हजार के आसपास पहुंच सकता है। नई ऋण पुस्तिका के लिए तहसील कार्यालय में एक-दो नहीं बल्कि दर्जनों बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी खेती-किसानी के लिहाज से जमीन खरीदने वालों को हो रही है। वर्तमान खरीफ सीजन में ऋण पुस्तिका नहीं मिलने से सोसायटी में पंजीयन करवाने, सोसायटी से खाद व बीज उठाने में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा।पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि एकड़ व हेक्टेयर में किसानों के बीच ही खरीदी-बिक्री होती है। नामांतरण के बाद पुराने ऋण पुस्तिका और खाता में रिकार्ड को अपडेट कर दिया जाता है।

जिला उपभोक्ता आयोग में ई-हियरिंग से प्रकरणों की सुनवाई प्रारंभ

बलौदाबाजार,9 अगस्त । राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने जिला उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार में आनलाईन माध्यम से ई-हियरिंग का वर्चुअल शुभारम्भ किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार श्रीनिवास तिवारी,सदस्य राज्य उपभोक्ता आयोग प्रमोद वर्मा, ज्वाइंट रजिस्ट्रार राज्य उपभोक्ता आयोग मोना चौहान, जिला उपभोक्ता आयोग रायपुर अध्यक्ष डाकेश्वर शर्मा, सदस्य निरुपमा प्रधान एवं अनिल अग्निहोत्री वर्चुअली रूप से उपस्थित थे।अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता आयोग न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया द्वारा अपने संक्षिप्त उद्बोद्धन में वर्चअल सुनवाई के माध्यम से प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के संबंध में अवगत कराया गया। इस डिजिटल पहल के तहत पक्षकार और अधिवक्ता घर बैठे ही मोबाईल, कम्प्यूटर के माध्यम से आयोग की सुनवाई में शामिल हो सकेंगे । इससे समय, श्रम व संसाधनों तीनों की बचत होगी।न्यायमूर्ति श्री चौरड़िया ने बताया कि ई-हियरिंग जुड़ने से छत्तीसगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य बन जायेगा जहां सभी जिला उपभोक्ता आयोग में डिजिटल सुनवाई की सुविधा आरंभ हो जायेगी। बलौदाबाजार 14वां उपभोक्ता आयोग है जहां अब ई-हियरिंग से मामलों की सुनवाई किये जाने की सुविधा उपलब्ध है। न्यायमूर्ति श्री चौरड़िया ने कहा कि उक्त कार्य हेतु राज्य शासन का भरपूर सहयोग मिल रहा हैजिला उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल ने वर्चुअल सुनवाई की महत्ता के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य आयोग के निर्देशानुसार बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में ई-फायलिंग से प्रकरणों की प्रस्तुति हो रही है अब ई-हियरिंग से सुनवाई किये जाने जो अभूतपूर्ण निर्णय लिया गया है वह भविष्य में एक युगातकारी कदम सिद्ध होगा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिला एक औद्योगिक क्षेत्र जहां इस वर्चुअल हियरिंग का लाभ उपभोक्ताओं को निश्चित ही प्राप्त होगा।इस अवसर पर केशव वर्मा बनाम नेगमा जनरल इश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड मामले के पंजीयन की सुनवाई राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरडिया, आयोग के सदस्य प्रमोद वर्मा रजिस्ट्रार श्रीनिवास तिवारी की वर्चुअल उपस्थिति में जिला उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, सदस्यगण हरजीत सिंह चावला एवं श्रीमती शारदा सोनी द्वारा की गई जिसमें परिवादी केशव वर्मा सहित उनके अधिवक्ता धनंजय साहू ने आनलाइन माध्यम से अपना तर्क प्रस्तुत किया।

बहनों का सुरक्षा सूत्र बना बिहान दीदियों के लिए स्वरोजगार का अवसर

मोहला,9 अगस्त । भाइयों के कलाई में सजने एवं बहनों की सुरक्षा का प्रतीक राखियां आज बिहान की दीदियों के लिए स्वरोजगार का अवसर प्रदान की हैं। बिहान की महिलाओं के बनाए सुंदर और सस्ती राखियां स्थानीय बाजार के साथ ही अन्य जिलों में खूब मांग रही, जिसके कारण गत वर्ष बिहान की महिलाओं ने लगभग 90 हजार रुपए तक की राखियां बेची।इस वर्ष भी बिहान की महिलाओं द्वारा राखियां बनाकर बेची जा रही हैं। शिखर स्व-सहायता समूह की श्रीमती सवाना खान ने बताया कि बिहान से प्रशिक्षण प्राप्त कर पिछले 5 वर्षों से राखी बनाने का कार्य कर रही हैं, जिसकी बाजार में अच्छी मांग भी है। उन्होंने बताया कि पिछले साल 90 हजार रुपए की राखियां बेची गई थी। इसी प्रकार इस वर्ष भी अभी तक 2 हजार राखियां बना ली गई हैं। उन्होंने बताया कि समूह की 10 महिलाएं राखियां बनाने का कार्य कर रही हैं।

मंडी परिसर स्थित मनोविकास केंद्र बेटियों के साथ पहुंचे

कलेक्टर ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन का पर्व

बलौदाबाजार, 9 अगस्त । रक्षाबंधन के अवसर पर प्रेम, स्नेह और अपनत्व का सुंदर उदाहरण तब देखने को मिला जब कलेक्टर दीपक सोनी शुक्रवार को मंडी परिसर स्थित मनोविकास केंद्र में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बीच अपनी बेटियों के साथ पहुंचे और रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। उन्होंने केंद्र में उपचाररत बच्चों को स्नेह व प्रेम की खुशियां बांटी।

इस दौरान केंद्र की बालिका पोषिता वर्मा ने कलेक्टर श्री सोनी को राखी बांधी जिस पर कलेक्टर ने बच्ची को स्नेहपूर्वक उपहार भेंट किया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने हाथों से तैयार किया हुआ गिफ्ट हैम्पर कलेक्टर को भेंट किया, जिसमें उन्होंने स्वयं मिलेट से बनी कुकीज़ और आकर्षक आकृतियों की मोमबत्तियां शामिल की थीं। ये सभी उत्पाद उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण के तहत बनाना सिखाया जा रहा है।कलेक्टर ने बच्चों की प्रतिभा और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह त्योहार केवल भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक ही नहीं, बल्कि समाज में प्रेम और अपनापन बढ़ाने का माध्यम भी है। उन्होंने सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गौरतलब है कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विकास और पुनर्वास हेतु जिला प्रशासन द्वारा मनोविकास केंद्र संचालित किया जा रहा है।यहाँ विशेष शिक्षा, थेरेपी सेवाएँ (फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, बिहेवियर थेरेपी), व्यावसायिक प्रशिक्षण (सिलाई, कंप्यूटर साक्षरता, बागवानी), मनोवैज्ञानिक परामर्श और खेल व सांस्कृतिक गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं। साथ ही बच्चों के आत्मनिर्भर बनने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों से भी जोड़ा जाता है।

समाचार संक्षेप

समावेशी शिक्षा अंतर्गत रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 25 अगस्त तक आवेदन

रायगढ़, 9 अगस्त। जिले में समावेशी शिक्षा के तहत वार्षिक कार्य योजना में स्वीकृत स्पीच थैरेपिस्ट, हेल्पर-आया एवं स्पेशल एजुकेटर के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक अपना आवेदन 25 अगस्त 2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा ने बताया कि पदों से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं पात्रता शर्तें जिला रायगढ़ की आधिकारिक वेबसाइट www.raigarh.gov.in पर उपलब्ध हैं, जिसका आवेदक अवलोकन कर सकते हैं।

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस शुष्क दिवस घोषित

रायगढ़, 9 अगस्त। शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सीएस-2 घघ), समस्त देशी कंपोजिट मदिरा (सी.एस.-2 घघ कंपोजिट) एवं समस्त विदेशी/ प्रीमियम मदिरा (एफ.एल.-1 घघ) समस्त विदेशी कम्पोजिट मदिरा (एफ.एल.1 घघ कम्पोजिट) दुकानों, देशी मदिरा भंडारण भंडागार, समस्त होटल बार अनुज्ञप्ति (एफ.एल.-3), शॉपिंग मॉल रेस्टोरेन्ट बार अनुज्ञप्ति (एफ.एल.3 क)एवं समस्त देशी/देशी कम्पोजिट अहाता, समस्त विदेशी/विदेशी कम्पोजिट अहाता को बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किया है। उक्त दिवसों में मदिरा, मादक पदार्थ का विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः बंद रहेगा।

सिंघनपुर में सर्वेक्षण के लिए अपर कलेक्टर सर्वेक्षण अधिकारी नियुक्त

रायगढ़, 9 अगस्त। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत तहसील घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम कांटाझरिया के आश्रित पारा मोहल्ला सिंघनपुर के संपूर्ण क्षेत्र में भू सर्वेक्षण कार्य की समस्त प्रक्रियाओं के संचालन एवं निष्पादन के लिए अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख शाखा रायगढ़ को आगामी आदेश तक जिला सर्वेक्षण अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नियुक्त अधिकारी संबंधित क्षेत्र में सर्वेक्षण कार्य की संपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

प्लेसमेंट कैम्प 11 अगस्त को

रायगढ़, 9 अगस्त। योग्य अभ्यर्थियों एवं युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार 11 अगस्त को प्रातः 10 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें निजी प्रतिष्ठान एमएसपी जामगांव, श्री बजरंग मोटर्स प्रा.लिमिटेड एवं शांकम्भरी स्टील प्रा.लिमिटेड रायगढ़ में रिक्त अप्रेन्टिस पदों पर भर्ती की जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए आईटीआई, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने चलाया जा रहा विशेष जांच अभियान

रायगढ़, 9 अगस्त। शासन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में आगामी रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी जैसे प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में दूध व सूखे मेवों से निर्मित मिठाइयों, नमकीनों और अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने बताया कि अभियान के तहत 7 अगस्त को रायगढ़ के अंगीठी रेस्टोरेंट का निरीक्षण करते हुए अरहर दाल, स्टीम राईस एवं ऑनियन ग्रेवी का नमूना संकलित कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। इसी तरह पुसौर के अन्नपूर्णा स्वीट्स एवं होटल का निरीक्षण कर कुन्दा मीठा खोवा एवं गोंद लड्डू और प्रधान होटल में छेना चमचम एवं बूंदी लड्डू का नमूना संकलित कर जांच हेतु भेजा गया।

स्क्रेप सामग्री की नीलामी के लिए 14 अगस्त तक निविदा

रायगढ़, 9 अगस्त। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में उपलब्ध आयरन तथा अन्य स्क्रेप सामग्री की नीलामी के लिए 14 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे तक निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा उसी दिन शाम 4 बजे निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

जिले में 806.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़, 9 अगस्त। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 अगस्त तक 806.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 5.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 878 मिली मीटर, पुसौर में 798.3, खरसिया में 711.7, घरघोड़ा में 836.6, तमनार में 563.5, लैलूंगा में 744.3, मुकडेगा में 1018.5, धरमजयगढ़ में 747.8, छाल में 734.2 एवं कापू में 1027.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

एक नजर

आकाशदीप बोले- इंग्लैंड में 10 विकेट लेना यादगार पल

गोरखपुर, 9 अगस्त (एजेंसी)। क्रिकेटर को कभी हार नहीं माननी चाहिए। अगर वह लगातार मेहनत करता रहे तो एक न एक दिन उसका सपना जरूर पूरा होता है। यह बात भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में 13 विकेट लेने वाले क्रिकेटर आकाशदीप ने कही। वे शुक्रवार को गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। उनके साथ क्रिकेटर मुकेश कुमार भी थे। दोनों ने बाबा गोरखनाथ के दर्शन किए। मंदिर परिसर की गोशाला में गायों को चारा खिलाया। आकाशदीप और मुकेश ने कहा- गौ सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। गायों को चारा खिलाकर आत्मिक शांति की अनुभूति हुई। गोरखनाथ मंदिर के अंदर गोशाला में गाय को क्रिकेटर आकाशदीप और मुकेश कुमार ने चारा खिलाया। गोरखनाथ मंदिर के अंदर गोशाला में गाय को क्रिकेटर आकाशदीप और मुकेश कुमार ने चारा खिलाया।

आईपीएल से युवा खिलाड़ियों को नया मंच मिला: क्रिकेटर आकाशदीप ने कहा- आईपीएल एक ऐसा मंच है जहां देश भर के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। कई नए खिलाड़ी उभर कर आ रहे हैं और देश के लिए खेल रहे हैं।

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी

हेडिंग्ले की पिच को आईसीसी की 'वेरी गुड' रेटिंग

बाकी सैटिस्फैक्ट्री, सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी

दुबई, 9 अगस्त (एजेंसी)। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांच टेस्ट मैचों में से चार की पिचों की रेटिंग इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने जारी की है। हेडिंग्ले (लीड्स) में खेले गए पहले टेस्ट की पिच को 'वेरी गुड' रेटिंग मिली, जबकि बाकी पिचों को 'सैटिस्फैक्ट्री' रेटिंग दी गई।

यह सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही, जिसमें सभी मैच पांचवें दिन तक चले और बल्ले-गेंद के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। शुरुआती दिनों में बल्लेबाज हावी रहे, लेकिन बाद में गेंदबाजों ने शानदार वापसी की। भारत ने अंतिम टेस्ट छह रनों से जीतकर इंग्लैंड की सीरीज जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

पिचों की रेटिंग का आधार: 2023 तक ICC पिचों को छह श्रेणियों में रेट करता था, वेरी गुड, गुड, एवरेज, बिलो एवरेज, पूअर और अनफिट। हालांकि, अब इसे चार श्रेणियों में सरल कर दिया गया है, वेरी गुड, सैटिस्फैक्ट्री, अनसैटिस्फैक्ट्री और अनफिट। इस सीरीज की पिचों ने 2023 की एशेज सीरीज की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया, जहां कोई भी पिच 'वेरी गुड' नहीं थी और एजबेस्टन व लॉर्ड्स की पिचों को केवल 'एवरेज' रेटिंग मिली थी। वहीं, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की पांच में से चार पिचों को 'वेरी गुड' रेटिंग मिली थी।

जानते हैं पांच मैचों में क्या हुआ

पहला टेस्ट: हेडिंग्ले,लीड्स- एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पहला मैच लीड्स के हेडिंग्ले में खेला गया था। इस पिच को ढ्ढष्टष्ट से 'वेरी गुड' रेटिंग मिली। हेडिंग्ले की पिच धीमी थी और बल्लेबाजी के लिए अनुकूल बन गई, जिसने इंग्लैंड की आक्रामक 'बाजबॉल' शैली को फायदा पहुंचाया। इंग्लैंड ने अंतिम पारी में 373 रनों का लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत पहली ऐसी टीम बनी जिसके प्लेयर्स ने 5 शतक लगाए। इसके बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा।

दूसरा टेस्ट: बर्मिंघम- दूसरा टेस्ट बर्मिंघम में खेला गया। यहां भारत ने कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में बर्मिंघम में इतिहास रचा। भारत ने पहली पारी में 587 और दूसरी में 427 रन बनाए, और 336 रनों से जीत हासिल की। यह भारत की घरेलू मैदान से बाहर रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत रही। यह पहली बार था जब किसी एशियाई टीम ने इस मैदान पर टेस्ट जीता। आकाशदीप ने मैच में 187 रन देकर 10 विकेट लिए। यह बर्मिंघम में किसी भारतीय गेंदबाज का बेस्ट बॉलिंग रिकॉर्ड रहा।

तीसरा टेस्ट: लॉर्ड्स- लॉर्ड्स की पिच को 'वेरी गुड' रेटिंग न मिलना आश्चर्यजनक रहा। इस पिच पर बल्ले और गेंद के बीच शानदार संतुलन देखने को मिला। भारत 195 रनों का पीछा करते हुए केवल 22 रन से चूक गया, जिससे मैच रोमांचक रहा।

चौथा टेस्ट: मैनचेस्टर - यह टेस्ट ड्रॉ रहा, क्योंकि भारत ने लगभग दो दिन तक बल्लेबाजी की। इस पिच को भी 'वेरी गुड' रेटिंग नहीं मिली।

पांचवां टेस्ट: द ओवल- लंदन द ओवल में खेले गए अंतिम टेस्ट की पिच की रेटिंग अभी जारी नहीं हुई है। यह मैच बेहद रोमांचक रहा। इंग्लैंड 374 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 301/3 पर मजबूत स्थिति में था, जिसमें जो रूट और हैरी ब्रूक के शतक शामिल थे। लेकिन बारिश ने चौथे दिन का खेल रोका। अंतिम दिन इंग्लैंड को 35 रन चाहिए थे और चार विकेट बाकी थे, लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की शानदार गेंदबाजी ने भारत को छह रनों से ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह भारत की टेस्ट क्रिकेट में रनों के हिसाब से सबसे कम अंतर की जीत थी।

पाक ने पहले वनडे में वेस्टइंडीज को हराया

■ सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई, नवाज रिजवान के अर्धशतक

त्रिनिदाद, 9 अगस्त (एजेंसी)। पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को पहले वनडे में 5 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। शुक्रवार को त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मैच में 281 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 49वें ओवर में जीत दर्ज की। वनडे डेब्यू कर रहे हसन नवाज जीत के हीरो रहे। उन्होंने नाबाद अर्धशतक (63*) लगाया। वहीं, अपने करियर का दूसरा मैच खेल रहे हुसैन तलत नाबाद 41 रन बनाए। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 104 रनों की नाबाद साझेदारी हुई और पाकिस्तान ने 7 गेंदें शेष रहते टारगेट हासिल कर लिया।

वेस्टइंडीज की ओर से तीन अर्धशतक लगे: पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बैटिंग कर रही वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 4 रन के स्कोर पर कैरिबियाई टीम का पहला विकेट गिरा। ब्रैंडन किंग 5 गेंदों का सामना कर 4 रन बना कर आउट हो गए।

उसके बाद वेस्टइंडीज की ओर से तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़े और पारी को संभालते हुए स्कोर 280 तक पहुंचाया। जिसमें एविन लुईस (60), शाई होप (55) और रोस्टन चेज (53) शामिल हैं। इनके अलावा केसी कार्टी ने 30 और गुकेश मोती ने 31 रन बनाए।

वेस्टइंडीज की ओर से दो 50+ साझेदारियां हुईं: दूसरे विकेट के एविन लुईस और केसी कार्टी ने 82 गेंदों पर 77 रन की साझेदारी की। उसके बाद चौथे विकेट के लिए शाई होप और रदरफोर्ड ने 39 गेंदों पर 31 रन की पार्टनरशिप की। वहीं, पांचवें विकेट के लिए रोस्टन चेज ने 89 गेंदों पर 64 रन की पार्टनरशिप की।

न्यूजीलैंड से कॉन्वे, निकोल्स व रचिन ने शतक लगाए

जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे दिन स्कोर- 601/3, पहली पारी में 476 रन की बढ़त ली

बुलवायो, 9 अगस्त (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 3 विकेट पर 601 रन बना लिए हैं। बुलवायो टेस्ट के दूसरे दिन कीवियों ने (रचिन रवींद्र 165*, डेवोन कॉन्वे 153 और हेनरी निकोल्स 150*) की बदौलत जिम्बाब्वे पर 476 रन की बढ़त हासिल कर ली।

टीम ने अभी पारी घोषित नहीं की है और उनके पास अभी 7 बल्लेबाज बचे हैं। पिच बैटिंग के लिए आसान है और खेल में तीन दिन बाकी हैं, ऐसे में न्यूजीलैंड और बड़े स्कोर की ओर बढ़ सकता है। जिम्बाब्वे की तरफ से ब्लेसिंग मुजरबानी, ट्रेवर ग्वांडू और विन्सेंट मसकेसा ने एक-एक विकेट लिए।

कॉन्वे के 2 हजार रन पूरे : कॉन्वे ने अपने टेस्ट करियर के 2000 रन पूरे किए और करीब ढाई साल बाद पांचवां शतक लगाया। निकोल्स ने टेस्ट में अपना दसवां शतक बनाया, जो उनके लिए खास है क्योंकि उन्हें पिछले साल 2024 में टीम में जगह नहीं मिली थी। रवींद्र ने टेस्ट करियर का तीसरा शतक सिर्फ 104 गेंदों में लगा दिया।

जिम्बाब्वे के लिए दिन बेहद कठिन रहा। उनके तीन गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी, ट्रेवर ग्वांडू और विन्सेंट मसकेसा सभी ने 100 से ज्यादा रन खर्च किए। यही तीनों इस मैच में अब तक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी रहे, हालांकि ग्वांडू का विकेट पहले दिन आया था। जिम्बाब्वे अब तक 130 ओवर फेंक चुका है, जिसमें से 91 ओवर दूसरे दिन के थे।

निकोल्स और रवींद्र के बीच 256 रन की नाबाद साझेदारी : मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज हेनरी निकोल्स और रचिन रवींद्र ने चौथे विकेट के लिए 256 रन की नाबाद साझेदारी कर डाली। दोनों ने शतक लगा दिए और जिम्बाब्वे? के बॉलर्स की बॉल पर मैदान के चारों तरफ शॉट लगाए।

निकोल्स 245 बॉल पर 150 रन बनाकर नाबाद लौटे। पारी में हेनरी ने 15 चौके लगाए। वहीं तीसरे सेशन में रचिन रवींद्र ने तेजी से बल्लेबाजी की और 139 बॉल पर 165* रन बना दिए। रवींद्र ने पारी में 21 चौके और 2 छक्के लगा दिए। तीसरे दिन का खेल दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा।

रविचंद्रन अश्विन चेन्नई से अलग हो सकते हैं संजू की राजस्थान से ट्रेड या रिलीज की मांग

नई दिल्ली, 9 अगस्त (एजेंसी)। एमएस धोनी, ऋतुराज गायकवाड और संजू सैमसन इन दिनों चेन्नई में हैं। इससे आईपीएल 2026 के लिए प्लेयर्स के ट्रेड एंड रिलीज की चर्चाएं तेज हैं। क्रिकबज ने लिखा- 'दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन चेन्नई सुपरकिंग्स से अलग हो सकते हैं। वेबसाइट ने यह दावा- फ्रेंचाइजी के एक बड़े अधिकारी की एमएस धोनी और ऋतुराज गावकवाड की मीटिंग के बाद किया है। एक दिन पहले एक रिपोर्ट में कहा गया था कि कप्तान संजू सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स (ऱ्ऱ) से छोटी नीलामी से पहले खुद को ट्रेड या रिलीज करने का अनुरोध किया हैं। हालांकि, इन दोनों पर दोनों फ्रेंचाइजीज ने अधिकृत तौर पर कुछ नहीं कहा है।

संजू ने राजस्थान के लिए 155 मैच खेले: संजू 2015 में कोलकाता नाइट राइडर्स से रिलीज होकर राजस्थान से जुड़े थे और तब से इस फ्रेंचाइजी का चेहरा बन चुके हैं। सिर्फ 2016 और 2017 में टीम के निलंबन के दौरान नहीं खेले। उन्होंने राजस्थान की ओर से 149 मैच खेले और 4027 रन बनाए हैं। वह राजस्थान की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले और सबसे सफल कप्तान भी हैं।

पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर इंग्लैंड में मैच के दौरान गिरफ्तार: रेप का आरोप, बाद में जमानत मिली, पीसीबी ने प्लेयर को सस्पेंड किया

लंदन, 9 अगस्त (एजेंसी)। पाकिस्तान के युवा बैटर हैदर अली को इंग्लैंड में रेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामला 3 अगस्त का है, जानकारी अब सामने आई है।

टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक 24 साल के बल्लेबाज हैदर पाकिस्तान ए टीम (पाकिस्तान शाहीन) का हिस्सा हैं। 3 अगस्त को वह कैंटरबरी मैदान में MCSAC (मेलबर्न क्रिकेट क्लब की टीम) के खिलाफमैच खेल रहे थे। तभी ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस उन्हें मैदान से ही गिरफ्तार करके ले गई। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया, लेकिन उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है ताकि वे देश से बाहर न जा सकें। इस घटना के सामने आने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने हैदर अली को फिलहाल सस्पेंड कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'हैदर पर रेप का आरोप लगाने वाली लड़की पाकिस्तानी मूल की है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड हैदर को कानूनी मदद देगा : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक प्रवक्ता ने कहा, 'हमें गिरफ्तारी की जानकारी दी गई। हैदर को जांच पूरी होने तक निलंबित कर दिया गया है, और हम च्च में अपनी जांच करेंगे। बोर्ड इस मुश्किल समय में हैदर की कानूनी मदद करेगा।'

व्यापार

दावा : रिफाइनरियों ने रूस से कच्चे तेल की खरीद रोकी

नई दिल्ली, 9 अगस्त (एजेंसी)। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी रिफाइनरियों ने अगले बाइंग साइकल में रूस से तेल स्पॉट मार्केट से न खरीदने का फैसला किया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी रिफाइनरियों ने अगले बाइंग साइकल में रूस से तेल स्पॉट मार्केट से न खरीदने का फैसला किया है। भारत की सरकारी तेल रिफाइनरियों ने रूस से कच्चे तेल की खरीद अभी के लिए रोक दी है। इसका कारण अमेरिका के बढ़ते दबाव को माना जा रहा है। रूस से तेल खरीदने की वजह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के निर्यात पर 50त्न टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। अमेरिका चाहता है कि भारत रूस से कच्चे तेल की खरीद पूरी तरह से बंद कर दे। यह कदम रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए मॉस्को पर दबाव बनाने की अमेरिकी रणनीति का हिस्सा है। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

स्पॉट मार्केट से तेल नहीं खरीदेंगी सरकारी रिफाइनरियां: इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी रिफाइनरियों ने अगले बाइंग साइकल में रूस से तेल स्पॉट मार्केट (तत्काल खरीद) से न खरीदने का फैसला किया है। यह फैसला अक्टूबर में लोड होने वाले कच्चे तेल की खरीद पर लागू होगा। इस मामले से जुड़े लोगों ने ब्लूमबर्ग को बताया कि ये रिफाइनरियां सरकार से साफदिशा-निर्देश मिलने का इंतजार कर रही हैं।

आने-जाने का ट्रेन टिकट बुक करने पर 20 प्रतिशत डिस्काउंट

रेलवे ने फेस्टिव सीजन में एक्सपेरिमेंटल बेस पर शुरू की स्कीम

नई दिल्ली, 9 अगस्त (एजेंसी)। इंडियन रेलवे ने दिवाली और अन्य फेस्टिवल में घर जाने वालों के लिए एक एक्सपेरिमेंटल बेस पर एक स्कीम शुरू की है। इसमें अगर कोई आने और जाने का टिकट एकसाथ बुक करता है तो रिटर्न टिकट पर 20त्न का डिस्काउंट मिलेगा।

इससे उन लोगों को फायदा मिलेगा जो घर जाने और वापस आने के लिए ट्रेन का इस्तेमाल करते हैं। रेलवे ने त्योहारों के समय टिकट के लिए भीड़ और लोगों की परेशानी को देखते हुए यह फैसला एक्सपेरिमेंटल बेस पर लिया है।

आने-जाने दोनों टिकट एकसाथ बुक करने पर मिलेगा डिस्काउंट: ट्रेन एक जोड़ी की ही होनी चाहिए: अगर आप अहमदाबाद एक्सप्रेस से पटना जाते हैं, तो इसी जोड़ी की वापसी ट्रेन से रिटर्न टिकट करना होगा। जैसे- अहमदाबाद-बरौनी (19484) से जाते हैं तो रिटर्न इसी जोड़ी की ट्रेन बरौनी-अहमदाबाद (19483) से रिटर्न होना होगा।

टिकट डिटेल्स समान होनी चाहिए: टिकट में दी गई सभी डिटेल्स एक समान होनी चाहिए। यानी सोर्स और डेस्टिनेशन (कहां से कहां तक जाना है), यात्री का नाम, उम्र, दूरी और क्लास (स्लीपर, 3 AC, 2 AC) जैसी चीजें दोनों टिकट में एक होनी चाहिए।

बुकिंग 14 अगस्त से शुरू होगी: रेलवे के मुताबिक, इस छूट का फायदा लेने के लिए 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2025 तक के लिए जाने वाले टिकट और वापसी के लिए 17 नवंबर से 1 दिसंबर 2025 के बीच यात्रा का टिकट बुक करना होगा। बुकिंग 14 अगस्त से शुरू होगी।

डायनेमिक प्राइसिंग वाली ट्रेनों में नहीं मिलेगा डिस्काउंट: ये छूट फ्लेक्सी फेयर वाली ट्रेनों जैसे- शताब्दी एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, दुरंतो एक्सप्रेस, सुविधा एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस, तेजस एक्सप्रेस ट्रेनों पर लागू नहीं होगी। लेकिन इसके अलावा सभी श्रेणियों और खासकर ऑन डिमांड ट्रेनें यानी फेस्टिव स्पेशल ट्रेनें इस छूट के दायरे में शामिल हैं।

IRCTC के AI-पावर्ड चैट बोट AskDISHA 2.0 आप से बोलकर अपना टिकट बुक कर सकते हैं। ये हिंदी, इंग्लिश, गुजराती या अन्य कई भाषाओं को समझता है। रेलवे ने हाल ही में यह सुविधा शुरू की है।

गोदरेज व रेड क्रॉस के दो दिवसीय शिविर में लोगों ने 40 यूनिट रक्तदान किया

रायपुर, 9 अगस्त। गोदरेज एवं बॉयज़ मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड, रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से 7 और 8 अगस्त को गोदरेज वेयरहाउस और गोदरेज शाखा कार्यालय, रायपुर में दो दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन सहायक श्रम आयुक्त श्री देवेंद्र कुमार देवांगन एवं श्रम निरीक्षक श्री सियाराम पटेल द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर श्री देवांगन ने मानवता के प्रति गोदरेज के योगदान की सराहना करते हुए स्वयं भी रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर गोदरेज के कर्मचारियों, आगंतुकों, विक्रेताओं एवं डीलरों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया, जिसके परिणामस्वरूप कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

गोदरेज प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल समाज के जरूरतमंदों की मदद करने और जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

गोदरेज की ओर से संदेश में कहा गया है कि ÷हम सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों और रेड क्रॉस सोसाइटी का हृदय से धन्यवाद करते हैं, जिनके सहयोग से यह रक्तदान शिविर सफल हुआ। यह मानवता के लिए हमारी प्रतिबद्धता का एक छोटा सा प्रयास है।

ट्रम्प बोले- टैरिफ से रोज करोड़ों डॉलर आ रहे

शेयर मार्केट में रिकॉर्ड बन रहा, वामपंथी कोर्ट ने इसे रोका तो महामंदी आएगी

वॉशिंगटन डीसी, 9 अगस्त (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को दावा किया है कि टैरिफ से शेयर बाजार में जबरदस्त बढ़ोतरी हो रही है और हर दिन नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। साथ ही, सैकड़ों अरब डॉलर देश की तिजोरी में आ रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर कहा कि अगर किसी अतिवादी वामपंथी कोर्ट ने इस वक्त टैरिफ के खिलाफ फैसला सुनाया तो इतनी बड़ी रकम और सम्मान को वापस पाना मुश्किल होगा। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ऐसा फैसला 1929 की तरह महामंदी ला सकता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह तबाह हो जाएगी।

ट्रम्प ने दावा किया कि वह कोर्ट सिस्टम को सबसे अच्छे से समझते हैं और इतिहास में कोई भी उनकी तरह चुनौतियों से नहीं गुजरा। उन्होंने कहा कि देश को सफलता और महानता चाहिए, न कि अराजकता, असफलता और अपमान।

चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफकी निंदा की: वहीं, चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने गुरुवार को इसे ÷टैरिफका दुरुपयोग÷ करार दिया।

गुओ ने कहा- 'चीन साफतौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ है।' उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका को तकनीकी और व्यापारिक मुद्दों का राजनीतिकरण बंद करना चाहिए।

चीन का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के उस एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जवाब में आया, जिसमें भारत पर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25त्न एक्स्ट्रा टैरिफलगाया गया है। इससे पहले ट्रम्प ने भारत से ट्रेड डील पर बातचीत करने से इनकार कर दिया है। ट्रम्प ने कहा कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता, बातचीत शुरू नहीं होगी।

अमेरिका में भी ट्रम्प के फैसले का विरोध: इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि भारत से ट्रेड डील पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल इसी महीने भारत आने वाला है।

ट्रम्प भारत पर अब तक 50त्न टैरिफलगाने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने 30 जुलाई को 25त्न टैरिफ लगाया था, जो 7 अगस्त से लागू हो गया है। वहीं, 6 अगस्त को एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर भारत पर 25त्न टैरिफऔर बढ़ा दिया है, जो 27 अगस्त से लागू होगा। अमेरिका में भी ट्रम्प के इस कदम की आलोचना हो रही है। हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के डेमोक्रेट्स ने चेतावनी दी कि यह कदम भारत-अमेरिका संबंधों को नुकसान पहुंचा सकता है।

गडकरी का दावा : ई20-पेट्रोल से किसी गाड़ी में समस्या नहीं

नई दिल्ली, 9 अगस्त (एजेंसी)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने श्व20 पेट्रोल को लेकर हो रही आलोचनाओं पर गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने आज (8 अगस्त) दिल्ली में हुए एक इवेंट में कहा कि 'अगर किसी को लगता है कि श्व20 पेट्रोल से गाड़ियों में दिक्कत हो रही है, तो वो एक भी ऐसा उदाहरण पेश करे।' उन्होंने दावा किया कि अब तक किसी भी गाड़ी में इस फ्यूल से कोई समस्या सामने नहीं आई है।

हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ऑटो एक्सपर्ट्स और वाहन मालिकों ने दावा किया गया था कि श्व20 पेट्रोल से पुरानी गाड़ियों कि रियल वर्ल्ड में माइलेज 5-7त्न तक गिरा है, जो सरकार के दावों से ज्यादा है। सोशल मीडिया पर लोग सरकार पर सवाल उठा रहे हैं कि पुरानी गाड़ियों के लिए सही जानकारी और ऑप्शन्स क्यों नहीं दिए जा रहे। लेकिन गडकरी ने इसे 'पॉलिटिकल कॉन्सपिरेसी' करार दिया और कहा कि 2001 से शुरू हुई इस नीति को बदनाम करने की कोशिश हो रही है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने भी इस मुद्दे पर बयान जारी करके कहा कि श्व20 फ्यूल से गाड़ियों को कोई नुकसान नहीं होता। मंत्रालय के मुताबिक, लंबे टेस्ट में 100,000 किलोमीटर तक गाड़ियों को श्व20 से चलाया गया और हर 10,000 किलोमीटर पर चेक किया गया। नतीजा ये निकला कि पावर, टॉर्क और माइलेज में कोई खास फर्क नहीं पड़ा। हालांकि, ये माना गया कि नए वाहनों में माइलेज 1-2त्न और पुरानी गाड़ियों में 3-6त्न तक कम हो सकता है, लेकिन ये 'ड्रास्टिक' नहीं है और इंजन ट्यूनिंग से इसे ठीक किया जा सकता है।

कार्यालय पुलिस कार्यालय, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण हेतु कार्य की सूची

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. पु.अ./गरि/126/AC-1/2025 गरियाबंद, दिनांक 23/07/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग/R.E.S में पंजीकृत ई पंजीयन के तहत् डी वर्ग या ऊपर श्रेणी के ठेकेदार प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी भवन कार्य के एस.ओ.आर. 01.01.2015 के आधार पर निम्नलिखित तिथि को अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मुहरबंद दो लिफाफा पद्धति के तहत् रजिस्टर डाक स्पीड पोस्ट/By hand निविदाएं आमंत्रित की जायेगी। निविदा से संबंधित तिथियां निम्नानुसार है:- 1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि:-20/08/2025 अपरान्ह 05.00 बजे तक 2. निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि: 21/08/2025 अपरान्ह 03:00 बजे तक 3. निविदा खुलने की तिथि: 21/08/2025 सायं 04:00 बजे से। (उपरोक्त में से किसी तिथि को शासकीय अवकाश घोषित होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में पूर्व निर्धारित समय तक मान्य किया जावेगा।)

टीप :- नक्सल प्रभावित पुलिस विभाग जिला गरियाबंद में कार्य किये हुए अनुभव प्राप्त एजेंसी से निर्माण कार्य कराया जायेगा।

स.क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की लागत	आमनत राशि टी.डीटार. के रूप में
1	2	3	4
01	पुलिस थाना राजिम में 01 नग बैरक निर्माण कार्य।	20.00 लाख	15000

नोट:- निविदा प्रपत्र का मूल्य- 750/- एवं कार्य पूर्ण करेन का समय-02 माह वर्षा काल सहित होगी। निविदा की अन्य नियम व शर्तें एवं जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय गरियाबंद से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

जी-252602697/4

माताओं- बहनों की खुशहाली ही है विष्णु देव का

संकल्प रक्षाबंधन

एक बहन के लिए भाई उसके सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि की कामना करता है, ताकि वह खुशहाल जीवन जी सके। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की माताओं- बहनों के प्रति इसी संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता से काम रही है। बैंक खाते में नगद राशि के साथ 'महतारी वंदन योजना' उन्हें आत्मनिर्भरता और सम्मान दिला रही है। प्रदेश की लाखों महिलाएं 'लखपति दीदी' बनकर समृद्धि का रास्ता तय कर रही हैं। महिला सशक्तिकरण की योजनाओं से प्रदेश में महिलाओं के अंदर अब जो सुरक्षा का भाव पैदा हुआ है, वह उन्हें एक नया आत्मविश्वास दिला रहा है।

सशक्त महिलाएं समृद्ध छत्तीसगढ़

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

महतारी वंदन योजना

अब तक 69.19 लाख से अधिक महिलाओं को ₹11728 करोड़ की सहायता

सखी वन स्टॉप सेंटर

SOP लागू करने वाला पहला राज्य, संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल सहायता, परामर्श और कानूनी सहायता

यूनिटी मॉल

महिला स्व-सहायता समूहों को नवा रायपुर में उत्पादों के विक्रय के लिए मिलेगा वृहद बाजार

मानदेय सीधे बैंक खातों में

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय अब सीधे बैंक खातों में भुगतान से पारदर्शिता

महतारी सदन

ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में उद्यम- व्यवसाय केंद्र की स्थापना

छत्तीसगढ़ महिला कोष

महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास हेतु वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण

सक्षम योजना

विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा और अविवाहित महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में सहायता

लखपति दीदी योजना

योजना का उद्देश्य प्रत्येक जिले में 35,000 महिलाओं को प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता देकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करना

बिहान योजना

इसका उद्देश्य ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संगठित करना

मिनीमाता महतारी जतन योजना

पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों को प्रसव के बाद 20,000 की आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना

18 से 50 वर्ष की महिला श्रमिकों को सिलाई मशीन हेतु सहायता

भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का पर्व 'रक्षाबंधन' हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस दिन बहनें मंगल कामना के साथ अपने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधती हैं और भाई उनकी रक्षा का वचन देते हैं। यह त्यौहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत बनाता है। रक्षाबंधन का त्यौहार अपनी बहनों के साथ ही सभी महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और अस्मिता के लिए जागरूक और प्रतिबद्ध करता है। हमारी सरकार उनकी सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है।

-विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

महिला कल्याण के लिए चार नए पोर्टल

- शी- बाक्स ऑनलाइन शिकायत पोर्टल
- बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ पोर्टल
- महिलाओं से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास और निगरानी के लिए इंफ्रा पोर्टल
- महिला कल्याण की विभिन्न योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन के लिए स्थापना पोर्टल

सम्मान

खिलेश्वरी को मिली आर्थिक सुरक्षा

रायपुर जिले के बनरसी गाँव निवासी खिलेश्वरी ओगरे बिहान शारदा ग्राम संगठन समूह से जुड़ी हैं। महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली 1,000 रुपये की सहायता से वे अब आर्थिक सुरक्षा का अनुभव कर रही हैं। वह बताती हैं कि पहले परिवार का भरण-पोषण मुश्किल था, लेकिन अब यह राशि उनके खाते में जमा रहती है, जो विपरीत परिस्थितियों में सहारा बनती है। वे कहती हैं, "महीने के अंत में जब पैसे खत्म हो जाते हैं तो इस 1,000 रुपये से हमें बहुत मदद मिलती है। मैं मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करती हूँ।" खिलेश्वरी, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बिहान समूह से भी जुड़ी हैं। इस समूह से जुड़कर उनके जैसी ही कई महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की राह पर चल रही हैं।

सुरक्षा

सुरक्षित मातृत्व के लिए सहायता

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत् पहली बार माँ बनने वाली महिलाओं को दो किस्तों में सहायता राशि दी जाती है। पहली किस्त में 3000 रुपए दिए जाते हैं और दूसरी किस्त में 2000 रुपए की राशि प्रसव के बाद टीकाकरण की पुष्टि होने पर दी जाती है। महासमुंद के इमलीभाठा में रहने वाली गायत्री देवांगन ऐसी ही एक महिला हैं। जब उन्हें इस योजना के तहत 5000 रुपए की राशि मिली, तो उन्होंने इस राशि का उपयोग अपने अच्छे स्वास्थ्य और पोषण पर किया। इसके साथ ही उन्हें राज्य सरकार की कौशल्या मातृत्व सहायता योजना के अंतर्गत दूसरी बार गर्भवती होने पर 6000 रुपए की अतिरिक्त सहायता प्राप्त हुई।

समृद्धि

सफल कारोबारी के रूप में मिली पहचान

एक सामान्य परिवार से आने वाली नीतू गुप्ता ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत लक्ष्मी स्वसहायता समूह से जुड़कर बैंक लिंकेज के माध्यम से एक लाख रुपये का मुद्रा लोन लेकर किराने की दुकान खोली। नीतू सिलाई का कार्य भी करती हैं। साथ ही अपने पति श्री सुनील गुप्ता के साथ खेती कार्य में भी उनका साथ देती हैं। नीतू ने लोन से लिए हुए पैसों से कारोबार शुरू किया और अपनी मेहनत और हुनर के दम पर अब एक सफल कारोबारी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। वे अब अपने बच्चों का पालन पोषण अच्छी तरह से कर पा रही हैं। वे आज लखपति दीदी बन गई हैं।

समानता

व्यंजन बनाने की रुचि ने बनाया आत्मनिर्भर

25 वर्षीया पायल नेताम ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत चार लाख रुपये का ऋण लेकर बेकरी की दुकान खोली। वे बेकरी व्यवसाय से अच्छी-खासी आमदनी हासिल कर रही हैं। साथ ही दो लोगों को रोजगार भी दिया है। पायल केक तैयार कर आसपास के गांवों में ऑर्डर अनुसार भेजती हैं। इससे उन्हें प्रतिदिन दो से तीन हजार रुपये तक शुद्ध आय हो जाती है। इससे उन्हें समाज में समानता और अत्मनिर्भरता वाली पहचान मिली है। पायल ने अपने हुनर और कौशल के साथ शासकीय योजना का लाभ लेकर अपने आप को अब सफल कारोबारी के रूप में स्थापित कर लिया है।

सशक्तीकरण

पुष्पा के हौसलों को मिली उड़ान

पुष्पा यादव 20 दिनों का ड्रोन पायलेट का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद गांवों के खेतों में फसलों पर ड्रोन चलाकर कीटनाशक का छिड़काव करती हैं। प्रति एकड़ कीटनाशक छिड़काव करने पर उन्हें 300 रुपए की आय होती है। विगत डेढ़ माह में ही वह 26 हजार रुपए की आय अर्जित कर चुकी हैं। वे कहती हैं कि स्वयं की खेती, पशुपालन, नरेगा मैट, ड्रोन पायलेट का कार्य कर सालभर में 1 लाख 50 हजार रुपए से अधिक कमा रही हूं। अब पुष्पा को नई पहचान मिली है। गांव वाले उन्हें ड्रोन दीदी पुष्पा के नाम से जानने लगे हैं। पुष्पा की आत्मनिर्भरता देखकर गांव की अन्य महिलाएं भी प्रोत्साहित हो रही हैं और उन्हें भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है।

सहभागिता

साथ मिलकर तरक्की की राह पर

छत्तीसगढ़ का 'जशप्योर ब्रांड' जो आदिवासी महिलाओं द्वारा बनाए गए उच्च गुणवत्ता वाले और स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों को बाजार में प्रस्तुत करता है। अब यह ब्रांड केवल स्थानीय बाजार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारत में अपनी जगह बना चुका है, चाहे वह ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। समूह से जुड़ी कई महिलाएं आज पूरी आत्मनिर्भरता के साथ सम्मान पूर्वक जीवन जी रही हैं। जशप्योर आदिवासी महिलाओं का सशक्तिकरण और उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने का सफल प्रयास है। इसके माध्यम से इन महिलाओं को रोजगार का अवसर मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है।

संवाद आर.ओ.-44836/97

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26